26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 23 मार्च, 2026

अंक- 147 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## तेल संकट तो बहाना है! पाकिस्तान को सता रहा है तालिबान के हमले का डर

**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) 2026 को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। 26 मार्च से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट को अब सिर्फ दो शहरों लाहौर और कराची तक सीमित कर दिया गया है। इसके साथ ही पीएसएल की ओपनिंग सेरेमनी भी रद्द कर दी गई है और मुकाबले बिना दर्शकों के आयोजित होंगे। इस फैसले की जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने दी, जिन्होंने इसके पीछे तेल-गैस संकट और क्षेत्रीय हालात को वजह बताया। अब इस फैसले के पीछे की असली कहानी कुछ और ही है। खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पीएसएल को सीमित करने की असली वजह कुछ और है। पाकिस्तान को अफगानिस्तान-तालिबान के संभावित हमलों का खौफ सता रहा है। सूत्रों का दावा है कि पाकिस्तान पर इस समय सीमा पार से बड़े हमले हो सकते हैं और इसी वजह से पीएसएल को सीमित किया गया है। पाकिस्तान और तालिबान के बीच ईद के चलते सीजफायर का ऐलान किया गया था। यह सीजफायर 23/24 मार्च की मध्यरात्रि को खत्म हो रहा है।

# चांदी की हवा निकली, सोना भी लुढ़का

## सोने में लगा लोअर सर्किट, कोई खरीदार नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** किसी को भी ये अनुमान नहीं होगा कि महज 50 दिन में सोने-चांदी की ये दुर्गति होने वाली है, खासकर चांदी की तो हवा निकल गई है। कहां 29 जनवरी 2026 को चांदी की कीमत 4.25 लाख रुपये प्रति किलो थी, जो आज गिरकर 2 लाख रुपये नीचे पहुंच गई है। यानी महज दो महीने के अंदर चांदी 2.25 लाख रुपये किलो सस्ती हो चुकी है। सोमवार को ट्रेडिंग के दौरान चांदी की कीमत 2 लाख रुपये से नीचे लुढ़क गई, जबकि सोने में 10 फीसदी का लोअर सर्किट लग गया है।

ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध गहराता जा रहा है, जिससे दुनियाभर महंगाई बढ़ने का खतरा काफी तेजी बढ़ गया है। जिस वजह से सोने-चांदी में जोरदार बिकवाली हावी है। कारोबार हफ्ते के पहले दिन सोमवार को चांदी के भाव में 26000 रुपये प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई। चांदी की कीमत गिरकर 199643 रुपये प्रति किलो पहुंच गई।

दरअसल, चांदी का भाव 2 लाख से नीचे पहुंचने का अनुमान किसी को नहीं होगा। अब कल्पना कीजिए जिन निवेशकों ने हड़बड़ी में 4 लाख रुपये के आसपास चांदी खरीदी होगी, मुनाफा तो दूर, भारी नुकसान हो रहा होगा। अब यहां ये अनुमान लगाना भी मुश्किल है, कि चांदी फिर 4 लाख रुपये प्रति किलो के पास कब जाएगी। दरअसल, युद्ध की वजह आर्थिक संकट गहराता जा रहा है, दुनियाभर के शेयर बाजारों में हाहाकार मचा है, भारतीय बाजार में भगदड़ का माहौल है। सोमवार को सेंसेक्स में 1800 अंकों की बड़ी



गिरावट दर्ज की गई, जबकि निफ्टी गिरकर 22500 पर पहुंच गई है। भारतीय बाजार अपने हाई से 15 फीसदी करेक्ट हो चुका है। अगर सोने की बात करें, संकट में हमेशा सोना सहारा बनता है, इस समय निवेशकों का सोने पर से भी भरोसा डगमगा रहा है।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ (श्याम बाबा) के दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

शुभारंभ
ईद-उल-फ़ित्र की दिली मुबारकबाद
नगर में लकड़ी की प्लाईवुड फैक्ट्री शुरू
अफ़ज़लगढ़ नगरवासियों व क्षेत्रवासियों के लिये खुशी की बात है कि अब आपके अपने शहर में उच्च गुणवत्ता वाली लकड़ी की प्लाईवुड उपलब्ध है।
रॉयल वुड कारपोरेशन वीनियर प्लाईवुड
विशेषताएं- ✦मजबूत और टिकाऊ प्लाईवुड ✦दीमक और नमी से सुरक्षित ✦फर्नीचर व दरवाजों के लिये उपयुक्त ✦हर साइज और मोटाई में उपलब्ध ✦थोक व खुदरा सुविधा ✦उचित दाम पर बेहतर गुणवत्ता की गारंटी
पता- धामपुर रोड, फैजी कॉलोनी के पास, अफजलगढ़ (बिजनौर), मो. 9917123324
एक बार सेवा का अवसर दें। मजबूत घर की पहली पसंद



# बाल सदन मोंटेसरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बच्चों के चेहरे खिले

## मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। बाल सदन मोंटेसरी स्कूल नजीबाबाद का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया गया। प्रधान अध्यापिका किरण बाला ने इसका श्रेय स्कूल के कड़े अनुशासन, शिक्षिकाओं के अथक प्रयास, छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत व अभिभावकों के सहयोग को दिया। प्रबंधक डॉ. एसके जौहर ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। नर्सरी कक्षा में लकी प्रथम स्थान, एडिफा द्वितीय, आयशा मरियम तृतीय रही। एलकेजी में माहिरा नाज प्रथम, उमर बैग द्वितीय, अथर्व तृतीय रहे। यूकेजी कक्षा में अजमत निवेद प्रथम, जन्नत हैदर द्वितीय, श्रद्धा तृतीय रही। फर्स्ट में माहीका भास्कर व हिदाया दोनों प्रथम, शजर द्वितीय, अरहम तृतीय रहा। सेकंड में मोहम्मद अरहान प्रथम, इजहा नाज द्वितीय, हर्षिता तृतीय रही। थर्ड में फरिया नदीम प्रथम, इनाया नाज अंसारी द्वितीय, कनिष्क तृतीय रहे। फोर्थ में मोहम्मद असद खान प्रथम, आयशा द्वितीय, जिकरा परवीन तृतीय रही। फिफ्थ में नायला साबिर प्रथम, इफरा परवीन द्वितीय, जुबेरिया तृतीय रही। सिक्स में आयशा प्रथम, हिस्सा अंसारी द्वितीय, माही तृतीय रही। क्लास सेवंथ में मोहम्मद वाइज प्रथम, मोहम्मद हुजैफा शेख द्वितीय, आस्था, कक्षा आठ में मोनिका प्रथम, आसन व अनन्या तीसरे स्थान पर रहे। नर्सरी कक्षा के विराज चौहान, सिफान, क्लास सिक्स्थ के दक्ष प्रताप सिंह, क्लास सेवंथ की चारू शर्मा को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शत प्रतिशत उपस्थिति का पुरस्कार यूकेजी कक्षा की काव्या अग्रवाल, क्लास सेकंड की माहिरा, क्लास 8 की मोनिका को मिला। हाईएस्ट रैंक का पुरस्कार 99.7 प्रतिशत अंक पाकर यूकेजी के अजमत नवेद व आईमन तथा 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्लास 8 जी की मोनिका को मिला। बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड एलकेजी के अद्विक व यूकेजी की अनाबिया अंसारी, क्लास फर्स्ट की हिमांशी बामनावट, क्लास सेकंड की जाहिरा नसीम, क्लास थर्ड की मानवी, क्लास फिफ्थ के कार्तिक, क्लास फिफ्थ की जिया व क्लास फोर्थ के आरव लांबा तथा क्लास सिक्स की अफशा को मिला। इस अवसर पर मैडम अंजना, रीना अग्रवाल, पूजा शर्मा, दुर्गा भारद्वाज, कंचन शर्मा, प्रतिभा राजपूत, अंशु शर्मा, आकांक्षा अग्रवाल, अंशु, शिवानी रावत, रोशनी, शाहाना, जमर, दीपा, शोभा, मोहित, रिंकी सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।






मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद देते हिंदू समाज के लोग।

## मंडावली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदुल फ़ितर का त्यौहार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )**। मंडावली क्षेत्र में ईद उल फितर का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंडावली व आसपास क्षेत्र के भागूवाला, नारायणपुर रतन, मिर्जापुर सैद, सिकरौडा आदि गांवों में ईद का त्यौहार प्रेम सौहार्द के साथ मनाया गया। मंडावली की जामा मस्जिद के मौलवी सना उर रहमान ने ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज अदा कराई। खुत्बा सुनने के बाद देश के अमन चैन के लिए दुआ की गई। मंडावली निवासी जाहिद मकरानी, वाजिद मकरानी, शहाबुद्दीन मकरानी उर्फ साबू, मुजाहिद अली मकरानी, जैनुल मकरानी, अहसान अली, अल्तमस अंसारी, आमिर अंसारी, नाजिम मकरानी, माजिद हुसैन, डॉ. मुजाहिद हुसैन, वसीम इदरीसी, इरफान अहमद, भीम सैन हल्दिया, धर्मराज हल्दिया आदि ने ईदगाह पर गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा की दृष्टि से मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस क्षेत्र में मौजूद रही। डॉ. चरण सिंह चौधरी, अनुज चौधरी, संदीप पहलवान, चौधरी वीर सिंह, भूपेंद्र चौहान, सुनील त्यागी, पंकज त्यागी, मास्टर नीरज सिंह, अनमोल चौहान, मनोज कुमार, जय सिंह, सुशील चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, रमाकांत हल्दिया, पंकज कुमार आदि ने हिंदू-मुस्लिम एकता कायम रखते हुए मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद पेश की।

## विधायक मनोज पारस ने किया अजीम अहमद का सम्मान

**नगीना ( चिंगारी )**। यूपीएससी 2025 की परीक्षा में 588वीं रैंक पाने वाले ग्राम जट नंगला उर्फ गढ़ी निवासी अजीम अहमद का सम्मान करने के लिए स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस रविवार की दोपहर अपने समर्थकों के साथ ग्राम गढ़ी में अजीम अहमद के घर पहुंचे तथा यूपीएससी परीक्षा में सफलता पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर इदरीस अहमद, अनीस अहमद, जलीश अहमद, मुकीम अहमद, अनस अहमद, मोहम्मद अरहान, मोहम्मद अजहर, शमशाद अहमद, जावेद अहमद आदि मौजूद रहे।



**ग्राम गढ़ी में यूपीएससी परीक्षा में चयनित अजीम अहमद के घर पहुंचकर उनका फूल मालाओं से स्वागत करते विधायक मनोज पारस**


## कार्यालय जिला कीड़ाधिकारी, बिजनौर।

**पत्रांकः 331 / साइकिल / वाहन स्टैण्ड पत्रा./2025-26** **दिनांक 20 मार्च 2026**

**सार्वजनिक खुली नीलामी**

शासनादेश 2471/बयालिस-2015-129 (विविध)/2015 दिनांक 30-11-2015 के अन्तर्गत नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में साइकिल, मोटर साइकिल, स्कूटर एवं कार आदि के स्टैण्ड के ठेके हेतु दिनांक 30 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11.30 बजे जिलाधिकारी महोदया बिजनौर द्वारा गठित समिति के समक्ष सार्वजनिक खुली नीलामी जिला खेल कार्यालय बिजनौर में होगी।

शर्ते निम्नानुसार हैं।

01. नीलामी में बोलीदाताओं द्वारा स्वयं प्रतिभाग किया जायेगा, उनके प्रतिनिधि द्वारा बोली हेतु अनुमति नहीं होगी।

02. उक्त ठेका 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगा।

03. सभी बोलीदाताओं द्वारा जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र की छायाप्रति जमा करनी होगी।

04. आधार कार्ड की छायाप्रति एवं जमानत (वापसी योग्य) धनराशि 5,000/- रुपये नकद, जिला क्रीड़ा अधिकारी को पदनाम से जमा करनी होगी।

05. उच्च बोलीदाता द्वारा नीलामी की पूर्ण धनराशि उसी दिन जमा करनी होगी।

**( राजकुमार )**
**जिला क्रीड़ाधिकारी**
**बिजनौर।**


# पंचायती महादेव मंदिर में हुई महाआरती

**बिजनौर ( चिंगारी )**। स्थानीय श्री पंचायती महादेव मंदिर नगर पालिका चौक बिजनौर में नवरात्रों के पावन पर्व पर मंदिर के ट्रस्टी सुभाषचंद्र एडवोकेट के सौजन्य से एक विशाल आरती का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर विशाल अग्रवाल एडवोकेट महासचिव जिला बार एसोसिएशन बिजनौर, गौरव अग्रवाल एडीजीसी सिविल, मनोज उपाध्याय एडवोकेट, मूर्ति गौतम, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार एडवोकेट, डॉक्टर कमल रानी, भारती उपाध्याय, उमा गौतम, रेखा गुप्ता आदि सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर के मुख्य पुरोहित पंडित सुरेश शर्मा एवं उनके पुत्र पंडित प्रदीप शर्मा का विशेष योगदान रहा। नवरात्रों के पावन पर्व पर इस मंदिर में रोजाना 7:30 बजे से 8:30 बजे तक महाआरती का आयोजन किया जा रहा है



# तीन कारें आपस में भिड़ीं, वृद्ध महिला की मौत

नगीना ( चिंगारी )। वैगनआर-स्कार्पियो-ऑल्टो कार की आपस में हुई भिड़ंत में स्कार्पियो सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस द्वारा घायल दोनों महिलाओं को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने नगर के मोहल्ला अकाबरान निवासी 86 वर्ष वृद्ध महिला बदर जहां सिद्दीकी को मृत घोषित कर दिया तथा दूसरी महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रैफर कर दिया गया।

रविवार की दोपहर करीब सवा दो बजे नगर के मोहल्ला अकाबरान निवासी मुनाजिर सुहैल अपनी बुआ 86 वर्षीय बदर जहां सिद्दीकी पत्नी सूजा अजीम व बेटी के साथ स्कार्पियो कार से दिल्ली जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर जब उनकी गाड़ी पुरैनी टोल प्लाजा से पहले गांव अलीगढ़ के पास पहुंची तो आगे चल रही वैगनआर कार के चालक ने अचानक गाड़ी के ब्रेक लिए तो पीछे से उनकी गाड़ी वैगनआर से टकरा गई तथा स्कार्पियों के पीछे चल रही अल्टो कार भी उनकी गाड़ी से भिड़ गई। दोनों गाड़ियों के बीच उनकी कार के दबने से उनकी गाड़ी में बैठीं दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। एम्बुलेंस द्वारा दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बदर जहां को मृत घोषित कर दिया व घायल सूजा अजीम को प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रैफर कर दिया गया। पुलिस का कहना कि किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिलने पर व मृतका के परिजनों के अनुरोध पर पंचनामें के बाद शव को उन्हें सौंप दिया गया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## चैत्रीय नवरात्र

### षष्ठम कात्यायनी

24 मार्च 2026, मंगलवार



नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी का ध्यान, पूजन करने से भक्त के आंतरिका सूक्ष्म जगत में चल रही नकारात्मकता विकास होता है। सुनहले और चमकीले वर्ण वाली, चार भुजाओं वाली और रत्नाभूषणों से अलंकृत कात्यायनी देवी खूंखार और प्रपट पड़ने वाली मुद्रा में रहने वाले सिंह पर सवार रहती हैं। नवरात्रि के छठे दिन मां के इस रूप को प्रसन्न करने के लिए मधु यानी शहद का भोग लगाकर स्वयन करने से साधक को सुंदर यौवन प्राप्त होता है,



डा. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा ( बिजनौर )

# अशोक राणा पूर्व सभासद के घर ईद मिलने पहुंचे



धामपुर ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद रिहान शेख के मोहल्ला अफगानान स्थित आवास पर धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, अपने पुत्र राणा प्रियंकर सिंह के साथ ईद की शुभकामनाएं देने उनके घर पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका सभासद रिहान शेख, मोहम्मद कासिम, शेख अफजाल अहमद, अजहर जराह, आफताब आलम, इरशाद अहमद, इमरान इदरीसी,अकरम इदरीसी,नौशाद फरीदी, शादाब फरीदी, आतिफ शम्सी, शारिक उस्ताद, अबू नदीम, जीशान अहमद, पप्पू भाई आदि ने उनका स्वागत किया और गले मिलकर ईद उल फितर की शुभकामनाएं दीं। विधायक अशोक राणा ने कहा कि ईद का त्यौहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है, हम सभी को इसे अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

# अनियंत्रित कार ने बच्चे सहित दो को टक्कर मारी

झालू ( चिंगारी )। नगर के नहटौर रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार दोपहर को एक कार ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक 5 वर्षीय बच्चे और एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को बिजनौर अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार रविवार को कस्बा झालू में मिथुन (5 वर्ष) पुत्र राजेंद्र पेट्रोल पंप के पास खड़ा था। इसी दौरान नहटौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क की साइड खड़े बच्चे को टक्कर मार दी। इसी हादसे में वहीं पर खड़े असगर (50 वर्ष) पुत्र मुन्ने निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद भी घायल हो गए। कार सड़क की साइड पर खड़ी एक बुग्गी से टकराकर रुकी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस नहटौर निवासी कार चालक व उसकी कार को झालू चौकी ले गयी, जहां से कार चालक को हल्दौर थाने भेज दिया गया तथा कार को भी कब्जे में लेकर झालू पुलिस चौकी पर खड़ा कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



मात्र 21999/- के डाउन पेमेंट पर 160 CC की बाइक घर ले जायें और त्यौहारों को और खुशगवार बनायें।
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## पश्चिम बंगाल में घमासान

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल व पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां चरम पर हैं। मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में हाय-तौबा मची हुई है। ममता बनर्जी ने चौथी बार अपनी सरकार बनाने के लिये एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है, तो वहीं भाजपा बंगाल को फतेह करने के लिये कोई कोर-कसर छोड़ने को तैयार नहीं है। दोनों ओर से हर हथकण्डा अपनाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में पहली बार दो चरणों में मतदान होगा जबकि पिछले चुनाव में इसे आठ चरणों में कराया गया था। इसके पहले भी 1996 के बाद से ही पश्चिम बंगाल में चुनाव कई चरणों में होता रहा है। चुनाव की अधिघोषणा जारी होते ही चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है, पर इसके पहले ही विभिन्न राज्य सरकारों ने कुछ महत्वपूर्ण घोषणायें कर दी हैं। उदाहरणार्थ, ममता बनर्जी ने पुरोहितों व मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ा कर अब 2000 रुपये प्रति माह कर दिया है। चुनाव की अधिघोषणा होते ही विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण सामने आने लगे हैं जिनकी संख्या आने वाले समय में और बढ़ेगी। इसके साथ ही विभिन्न राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में तेजी लाएंगे क्योंकि इस बार प्रचार के लिए तुलनात्मक रूप से कम समय मिल रहा है। वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर गौर करें तो राजनीतिक रूप से सर्वाधिक महत्वपूर्ण समझे जाने वाले पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी इस बार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी, पर वह ममता बनर्जी को सत्ता में आने से नहीं रोक सकी थी। लोगों को याद है कि पिछले चुनाव प्रचार में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठकों में नारा लगवाते थे-'दो मई, दीदी गई' क्योंकि उस समय मतगणना दो मई को हुई थी। प्रचार की इस आंधी के बीच सबसे पहले चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि भाजपा 100 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाएगी और वह सचमुच 77 सीटों पर ही अटक गई थी। विडंबना है कि प्रशांत किशोर अब स्वयं अपनी पार्टी बना कर बिहार में मुंह की खा चुके हैं, ऐसे में विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षणों और उनके नतीजों पर विश्वास करना कठिन होता जा रहा है। यह सच है कि ममता बनर्जी अपने तीन कार्यकाल के बाद गंभीर सत्ता-विरोधी लहर का सामना कर रही हैं, पर इसके बावजूद जमीन पर उनका संगठन मजबूत बना हुआ है।

# राष्ट्र शक्ति की प्रतीक जगत जननी

# मां दुर्गा



-अंजनी सक्सेना

हमारा देश धर्म प्रधान राष्ट्र है, जिसके कण-कण में देवी शक्ति का स्वरूप निहित है। नदी, पर्वत, वृक्ष, यक्ष, किन्नर, गंधर्व, स्त्री, पुरुष में देवी भावनाओं से ओत-प्रोत भारतीय जनमानस ने अपनी श्रद्धा को प्रकट किया है। मातृ देवी की आराधना का क्रम प्राचीन काल से परम्परागत ढंग से चला आ रहा है। काल की सीमा में बाधित करने वाले विद्वानों ने चतुर्थ सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व से देवी की उपासना परंपरा को माना है अर्थात देवी की उपासना मानव सभ्यता के प्रारंभिक युग से ही होती चली आ रही है।

मानव की आरंभिक स्थिति व दशा वर्तमान की भांति नहीं रही है। वे जहां भी रहे जिस स्थिति में जीवन यापन करते रहे देवी शक्ति की सत्ता को अंगीकार कर अभिलक्षित इष्ट की प्राप्ति करते रहे हैं। इसका संकेत भारतीय सभ्यता के मोहन जोदड़ो, हड़प्पा तथा अन्य स्थानों पर प्राप्त मृण्यमयी देवी प्रतिमाओं से मिलता है। भारत के साथ अन्य राष्ट्रों में भी देवी मनुष्य की अनेक व्याधियों से रक्षा करती रही है। विशेषकर मेसोपोटामिया, मिस्र एवं बेबीलोन में सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त काली और चण्डी की मूर्तियां पूर्व की अर्चन संस्कृति की स्मृति को दृढ़ करती हैं।

दरअसल नवरात्रि का इतिहास उतना ही प्राचीन है जितना प्राचीन भारत देश। श्री पंचानन तर्क रत्न ने ऋग्वेद के एक मंत्र को प्रमाण रूप से प्रस्तुत करते हुए यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि वैदिक आर्य भी नवरात्र मनाते थे। हंसावती ऋचा के नाम से प्रसिद्ध इस मंत्र में महिषासुर मर्दिनी, सिंह वाहिनी दुर्गा का विशेष संबंध बताया गया है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार दानवेन्द्र रावण का वध करने और सीता को उसकी कैद से मुक्त कराने के लिए भगवान राम को जगदम्बा की शरण में जाना पड़ा और उन्होंने ही ब्रह्मा की सहायता से सुप्त भगवती को जगाया, इसलिए तभी से नवरात्र मनाने का प्रचलन शुरू हुआ।

**नवरात्रि का इतिहास उतना ही प्राचीन है जितना प्राचीन भारत देश। श्री पंचानन तर्क रत्न ने ऋग्वेद के एक मंत्र को प्रमाण रूप से प्रस्तुत करते हुए यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि वैदिक आर्य भी नवरात्र मनाते थे। हंसावती ऋचा के नाम से प्रसिद्ध इस मंत्र में महिषासुर मर्दिनी, सिंह वाहिनी दुर्गा का विशेष संबंध बताया गया है।**

भारतीय संस्कृति में ऋतुओं के सन्धिकाल का विशिष्ट महत्व है। इसे हमारे देश के ऋषियों ने शक्ति संचय पर्व के रूप में मनाए जाने की परम्परा भी कहा है ताकि मानव अपने शरीर ऋतुओं के प्रभाव से बचाकर शक्ति आराधना में मन रमाए और प्रकृति के नियमानुसार जीवन जी कर शक्ति संचय कर सके। स्वास्थ्य की दृष्टि से नवरात्र में व्रत करने के विधान का वैज्ञानिक आधार है। ऐसा करने से मानव शरीर व्याधियों से बचता है और विषाणु उनके शरीर पर घातक प्रभाव नहीं जमा पाते हैं, क्योंकि इस शक्ति संचय पर्व में संयम में रहना ही शरीर में शक्ति का प्रस्फुटन करना है।

दुर्गा की उपासना नारी शक्ति की उपासना का ही एक रूप है। मां सिर्फ जननी ही नहीं रहती, वह शक्ति होती है और वह आत्मिक भी होती है। इसलिए मां दुर्गा को जगजननी भी कहा जाता है। मां की उपासना में आराधना ही नहीं आनंद भी होता है, इसलिए नवरात्रि में दुर्गा माता की पूजा सिर्फ विशेष उपासना पद्धति ही नहीं, उत्सव भी है, शक्ति की आराधना के बहाने समाज की मंगल कामना का विधान ही, दुर्गा पूजा की लोकप्रियता का कारण रहा है। दुर्गा का अर्थ है दुर्गम स्थान में रहने वाली देवी, जिसके पास सहज ही नहीं पहुंचा जा सकता। इस तरह दुर्गा के रूप में तीन देवियां थीं एक हिमालय शिखरों पर आसीन हेमवती पार्वती, दूसरी समुद्रवासिनी पद्मासना कमला और तीसरी देवी अरण्यवासिनी यानि जिन्हें विंध्यवासिनी देवी भी कहा जाता है। इस तरह संपूर्ण भारत में दुर्गा की सत्ता का प्रकाश था। (विभूति फीचर्स)

# समता, सेवा और भक्ति के प्रतीक- निषादराज

भारतीय नाविकों के राजा भगवन राम जी के स्नेही मित्र निषादराज जी की पावन जयंती चैत्र शुक्ल पंचमी हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाई जाती है। नाविकों के राजा निषादराज जी की जयंती भगवान श्री राम जी के प्रति उनकी श्रद्धा, निष्ठा, भक्ति हमें सामाजिक सद्भाव, समता, समरसता, बंधुत्व, अटूट मित्रता की प्रेरणा देती है, हमें एकता, अखंडता, देशप्रेम और भाईचारा की सीख देती है। निषादराज पंचमी सामाजिक समरसता, एकता, सेवा, भक्ति की प्रतीक है, आज के दिन नदियों के किनारे गंगा तटों पर देश भर में जगह-जगह भजन, कीर्तन, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रयागराज के निकट गंगा तट पर स्वर्ण नगरी श्रृंगवेरपुर में स्थित श्रृंगवेरपुर धाम में नाविकों के राजा निषादराज जी की भगवान श्री राम जी के मिलन की साक्षी 52 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा, विशालकाय पार्क और भव्य कॉरिडोर को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली सरकार ने सन् 2025 में लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से निषादराज जी के सम्मान एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु श्रृंगवेरपुर धाम को विकसित किया है, यह श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज से लगभग 35



किलोमीटर दूर नदी किनारे है। निषाद पुरातन काल से ही जल, जंगल, जमीन और भारतीय संस्कृति के संरक्षक हैं, पोषक हैं। वास्तव में निषाद समाज नदियों का संरक्षक है, नदियों का संवाहक है। त्रेता युग में नाविकों के राजा निषादराज जिन्होंने वनवास के दौरान भगवान राम जी, सीता जी, लक्ष्मण जी के स्नेही हृदय से चरण धोये, मैत्री भाव से गले लगाया और गंगा नदी पार कराई अर्थात् नैया पार कराई और केवट निषाद राज ने भगवान राम जी से नैया पार कराई भी नहीं ली, बल्कि उनसे कहा कि मल्लाह से मल्लाह कोई नैया पार उतराई लेते हैं? मैंने आपको नैया पार कराई है अत: आप भी मेरी नैया पार लगा दें। भगवान राम जी ने केवट निषाद राज के आग्रह को स्वीकार लिया और सदा-सदा के लिए केवट निषाद राज को भव सागर से पार कर दिया था। नाविकों के राजा निषादराज जी ने भारतीय संस्कृति और नदियों को पुष्पित पल्लवित ही नहीं किया, बल्कि उन्होंने जल, जंगल, जमीन के संरक्षण को अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। भगवान श्री राम जी के परम् स्नेही मित्र और नाविकों के राजा निषादराज जी के पावन श्री चरणों में कोटि-कोटि नमन एवं प्रणाम प्रेषित करता हूं। -रवीन्द्र राणा

# चांदपुर में निकला भव्य पथ संचलन

**चांदपुर (चिंगारी)। हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में नगर में राष्ट्रीय सेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा विशाल पंथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।**

कल दोपहर बाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता जिला संघचालक देवेंद्र जी व नगर संघचालक कृष्ण कुमार आदि ने किया। जिला संचालक देवेंद्र जी ने समाज में सामाजिक समरसता व पंच परिवर्तन के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण समरसता, नागरिक कर्तव्य और स्व का बोध आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी हिंदुओं को आपस में सहर्ष मिलकर रहने और समाज को एकत्रित करने की सलाह दी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन का आयोजन किया गया, जो विद्यालय से होकर चांदपुर नगर में शंकर मूर्ति, ढाली बाजार व नेहरू मूर्ति होते हुए वापस विद्यालय में समाप्त



हुआ। कार्यक्रम में महामण्डेश्वर श्री 108 गोपालदास जी महाराज, सुनील शर्मा (नगर कार्यवाह), विकास जी (नगर प्रचारक), पुष्पेंद्र जी (जिला संयोजक कुटुंब प्रबोधन), विनेश त्यागी, अविनाश जी (सहव्यवस्था प्रमुख), मोहित अग्रवाल (भाजपा नगर अध्यक्ष), रत्नेश मिश्रा (उपप्रबंधक उत्पादन -शुगर मिल चांदपुर) मुख्य शिक्षक रजत जी, शैलेन्द्र यादव जिला संयोजक, विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद बिजनौर) विकल्प जी (नगर विद्यार्थी प्रमुख) आदि उपस्थित रहे।

# घड़ा भर चुका है पाप का नाश होने वाला है ट्रंप आपका

**बिजनौर (चिंगारी)। सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने कहा कि अमेरिका के पापों का घड़ा भर चुका है। और उसकी गुंडागर्दी व दादागीरी समाप्त होने के कगार पर है।**

**पाक की सोच नापाक- क़ाज़ी जियाउर्रहमान**

उन्होंने अमेरिका द्वारा प्रायोजित पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान युद्ध की भर्त्सना करते हुए कहा कि पाकिस्तान, अमेरिका के कहने पर बिना कारण अफ़ग़ानिस्तान पर युद्ध थोप रहा है और बेगुनाह लोगों की जान ले रहा है। पाकिस्तान की सरकार में कोई इस्लामिक चरित्र नहीं है। वह केवल अमेरिका से भीख लेकर अमेरिका और इज़राइल के इशारे पर काम कर रहा है। उसमें इतनी सोचने-समझने की क्षमता भी नहीं है कि वो ट्रंप के सनकीपन को पहचान सके।

अफ़ग़ानिस्तान भारत का मित्र राष्ट्र है, हम हर तरह से अफ़ग़ानिस्तान के साथ हैं और पाकिस्तान को ख़त्म करके ही दम लेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी पर शदीद गुस्से का इजहार करते हुए कहा कि श्री जयंत चौधरी किसानों, मज़दूरों, युवाओं के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। इस भ्रष्ट राजनीति के दौर में ऐसे नेता मुश्किल से बचे हैं। उनकी जान लेने वाले की धमकी देने वाले को रगड़कर मारा जाए। उन्होंने देश में कैंसर का रूप ले चुकी नफ़रत पर प्रहार करते हुए कहा कि नफ़रत से हम विषगुरु तो बन सकते हैं, लेकिन विश्वगुरु नहीं। देश की उन्नति और खुशहाली के लिए भाईचारा बहुत जरूरी है।

# चांदपुर में 170 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे



नवयुगल को सामान देते मुख्य अतिथि भाजपा नेता कपिल चौधरी

**चांदपुर (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 170 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें 130 हिन्दू व 40 मुस्लिम जोड़े शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी थे।

यहां जलीलपुर रोड स्थित सौभाग्य गार्डन में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जनहित में शुरू किए गए सामूहिक विवाह समारोह से प्रदेश में लाखों गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह हो चुका है, जिसके लिए प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की प्रशंसा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कुंतेश देवी ने सभी नवयुगलों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रत्येक दम्पति के बैंक अकाउंट में 60 हजार रूपए भेजे गए, जबकि प्रत्येक को 25 हजार रूपए का सामान व 15 हजार रूपए खाने पर खर्च हुए।

कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी जलीलपुर अरूण कुमार, समाज कल्याण अधिकारी गौरव चौहान, एडीओ एनआर एलएम सौरभ गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य गौरव लाम्बा, पंचायत सहायक विनय चिंकारा, तरुण कुमार, सचिन राय, संदीप यादव व अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# ईद पर किया ऐसा काम छा गये सैनी सोधीराम



**हल्दौर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम अम्हेड़ा निवासी सोधीराम सैनी जो हल्दौर ब्लॉक के वार्ड नंबर 3 के जिला पंचायत सदस्य पद के भावी उम्मीदवार हैं। ईद उल फ़ितर के मौके पर नमाजियों पर फूलों की वर्षा कर उनका ख़ैर मकदम किया तथा कोल्डड्रिंक एवं आईसक्रीम का भी वितरण किया। सोधीराम के इस कदम की लोगों ने बड़ी प्रशंसा की है। सोधीराम आजाद समाज पार्टी से जिला पंचायत सदस्य के भावी उम्मीदवार हैं। उनका कहना है कि अगर पार्टी और जनता ने सेवा का मौका दिया तो वह किसी को भी निराश नहीं करेंगे।

# गायत्री माता मंदिर निर्माण के लिये भूमि-पूजन किया

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** क्षेत्र के प्रज्ञा पीठ ग्राम भज्जावाला में शांतिकुंज हरिद्वार से जुड़े गायत्री परिवार के साधकों द्वारा गायत्री माता मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात भूमि पूजन की प्रक्रिया संपन्न हुई। गायत्री परिवार से जुड़े राजेन्द्र सिंह ने विधिवत पूजन कर निर्माण स्थल पर पहली ईंट रखकर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। परिव्राजक हरिशंकर वर्मा ने बताया कि प्रज्ञा पीठ के विस्तार के उद्देश्य से मंदिर निर्माण की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी के शाश्वत प्रतीक स्वरूप प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा समाधि स्थल का भी निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार किया गया। इससे पूर्व यज्ञशाला का निर्माण भी कराया जा चुका है। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा पीठ के परिव्राजक हरिशंकर वर्मा ने कराया।



भूमि पूजन करता गायत्री परिवार।

कार्यक्रम में राजबाला देवी, उषा देवी, दुष्यंत कुमार, बेगराज सिंह, ज्ञानचंद सिंह, महावीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, कुंवरपाल सिंह सहित गायत्री परिवार के अनेक सदस्यों का सहयोग रहा।

# भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

**नगीना (चिंगारी)।** एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित सुंदर कांड व भजन संध्या कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। कलाकारों द्वारा अपनी मधुर आवाज से कई धार्मिक गीत सुनाए। इस मौके पर स्कूल के



चेयरमैन साहू संतोष कुमार अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, साहू सुयश अग्रवाल, सिद्धि अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, प्रधानाचार्य अंशु बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

# शाहपुर सुक्खा में निकाला गया पथ संचलन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर खंड के शाहपुर सुक्खा ग्राम में वर्ष प्रतिपदा भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया, जो गांव के मां शाकुम्भरी देवीमंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्ग से होता हुआ मंदिर पर ही संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ स्वयंसेवक द्वारा आद्य सरसंघचालक प्रणाम डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. वीरेंद्र जी ने की। जिला प्रचार प्रमुख डॉ. हेमेंद्र जी ने वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया आज के दिन आर्य समाज की स्थापना, नवरात्रि का प्रारंभ, महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, श्री राम जी का राज्याभिषेक एवं संघ के संस्थापक डॉक्टर साहब का जन्म भी वर्ष प्रतिपदा को हुआ था। उन्होंने हेडगेवार के जीवन के अनेकों दृष्टांत सुनाते हुए बताया कि वह जन्मजात देशभक्त थे। उन्होंने आजादी के समय बंग भंग आंदोलन में भी भाग लिया था और वह अनुशीलन समिति के सदस्य भी रहे। और उन्होंने खिलाफत आंदोलन में भाग लिया और 1 वर्ष का कारावास भी हुआ लेकिन महात्मा गांधी की तुष्टिकरण नीति के कारण उनका मोह भंग हो गया। सन 1925 में उन्होंने संघ की स्थापना की। संघ का पहला पंथ संचलन 1927 में निकाला गया। कार्यक्रम में प्रार्थना मुख्य रूप से शिक्षक दिनेश जी व वैभव जी द्वारा कराई गई। कार्यक्रम में श्रीमान टीकम जी, खंड संचालक किरतपुर, पवन जी, पौरुष जी, शिवकुमार जी, विपुल जी, नितिन जी, अक्षितजी, अभिषेक जी, संदीप जी, धर्मपाल जी, वेद प्रकाश जी आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।



दुकान का उद्घाटन करते हुए श्री जितेन्द्र चौधरी।

# चूड़ियों की होल सेल की दुकान का उद्घाटन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नई बस्ती में करबला के पास स्थित जय प्रकाश गुरु जी के निज निवास पर चूड़ियों की होल सेल की दुकान का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सहमंत्री जितेन्द्र चौधरी ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर जितेन्द्र चौधरी ने शुभकामनाएं देते हुए युवाओं का आह्वान किया कि वे सभी नौकरी के स्थान पर निजी व्यवसाय पर अपना ध्यान केंद्रित करें। जयप्रकाश जी ने बताया कि उनके यहां नये फैशन व डिजाइन की चूड़ियां, कंगन आदि थोक भाव में उपलब्ध है। इस अवसर पर वीरेन्द्र धीमान, कृष्ण कुमार धीमान, अनिल चौधरी, दुष्यंत, नीरज सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।





# सदुपुरा में निकली भव्य कलशयात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम सदुपुरा में नवरात्रों के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गांव की महिलाएं जलालपुर गंगाघाट से कलश में गंगा जल भर कर लाई और गांव में शोभायात्रा निकाल कर मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। गांव का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सर्वश्री छोटेलाल, पूर्व प्रधान वीरेन्द्र धीमान, राकेश सैनी, दाताराम सैनी, घसीटा सैनी, झबरे, बॉबी आदि ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# बैंक्वेट हॉल में चलती मिली फ़र्जी गुटखा फैक्ट्री

## भारी मात्रा में गगन ब्रांड का नकली गुटखा बरामद




**बिजनौर/पैजनिया ( चिंगारी )।** क्षेत्र के फैरीफार्म बैंक्वेट हॉल में अवैध रूप से संचालित फर्जी गुटखा फैक्टरी पकड़ी गई। यहां गगन गुटखा के नाम से नकली उत्पाद तैयार किए जा रहे थे। मामले का खुलासा तब हुआ जब पुराने रैपर में पैक गुटखा बाजार में बेचा गया। पिछले वर्ष नूरपुर क्षेत्र में भी इसी तरह की नकली गुटखा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया था।

रविवार शाम गुटखा बनाने की नकली फैक्टरी पर केंद्रीय जीएसटी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस और प्रशासन की टीम ने छापा मारा। टीम देर रात तक बैंक्वेट हॉल में जांच करती रही। जांच के दौरान मौके से करीब तीन हजार गुटखा रैपर, पैकिंग मशीन और बड़ी मात्रा में खाली रैपर बरामद हुए हैं। खाद्य विभाग की टीम ने जांच के लिए तीन अलग अलग नमूने भी संग्रहित किए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

गौरतलब है कि नूरपुर क्षेत्र में पिछले वर्ष इसी तरह की एक नकली गुटखा बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया था। आखिर पावटी में किसके इशारे पर यह फैक्ट्री पिछले एक साल से चलाई जा रही थी, जबकि डायल 112 की गाड़ी अक्सर इस बैंकट हाल के सामने खड़ी रहती है। इस संबंध में सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पुराने और ब्रांडेड रैपर का इस्तेमाल कर नकली गुटखा तैयार कर रहे थे। फैक्टरी संचालक खाद्य विभाग का लाइसेंस जीएसटी पंजीकरण सहित अन्य कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह ने बताया कि अभी जांच चल रही है। जांच के लिए नमूने संग्रहित कर लिए गए हैं। थाना प्रभारी हल्दौर ने बताया एक व्यक्ति अब्दुल रहमान को हिरासत में लिया गया है, दो अन्य फरार हैं। पूछताछ जारी है।

# विवाद के चलते दिन की बारात की विदाई रात में हुई

**नहटौर ( चिंगारी )।** बाराती और घरातियों में विवाद के कारण देर रात्रि को दुल्हन विदा हुई। वहीं, विवाद के दौरान बीच बचाव करने में दुल्हन का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। नगीना क्षेत्र के एक गांव से नहटौर नगर स्थित मौहल्ले में बारात आई थी। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर बराती और घरातियों में विवाद हो गया। बीच बचाव करने के दौरान दुल्हन के दो भाइयों के साथ भी मारपीट की गई। मामले में फेरे और विदाई की रुक गई। देर रात करीब साढ़े 11 बजे फेरे और विदाई की हुई। दुल्हन पक्ष का आरोप है कि चढ़त के बाद दूल्हे पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग की थी। मारपीट का मामला थाने पहुंच गया। पुलिस ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# नारायण दास जी बनेंगे श्री भरत मिलाप आश्रम के उत्तराधिकारी महंत

## 28 मार्च को होगा पद प्रतिष्ठा समारोह



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** तीर्थनगरी ऋषिकेश माया कुण्ड क्षेत्र में स्थित श्री भरत मिलाप आश्रम के प्रांगण में विरक्त वैष्णव मण्डल समिति की एक बैठक का आयोजन कया गया जिसकी अध्यक्षता ब्रह्मपुरी के स्वामी दयाराम दास जी महाराज द्वारा की गई। वर्तमान महन्त श्यामाचरण दास जी महाराज ने समिति के समक्ष अपनी अवस्था और आश्रम के सुचारू संचालन को दृष्टिगत रखते हुए, अपने परम शिष्य भागवताचार्य नारायण दास जी को आश्रम के 'उत्तराधिकारी महन्त' के रूप में प्रतिष्ठित करने की कामना व्यक्त की। समिति के सचिव महामंडलेश्वर महन्त ईश्वर दास जी महाराज व अन्य संतों ने इस प्रस्ताव पर गंभीर चिंतन-मनन किया। गहन शास्त्रार्थ और विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भरत मिलाप आश्रम की समस्त स्थावर-जंगम संपत्तियों का विधिवत प्रबंधन महन्त श्यामाचरण दास जी के मार्गदर्शन में सुनिश्चित रहे तथा उत्तराधिकार की प्रक्रिया को शास्त्रोक्त विधि से पूर्ण किया जाये। संतों और महन्तवृन्द समिति ने घोषणा की है कि आगामी 28 मार्च, 2026 को भागवताचार्य नारायण दास जी महाराज का 'उत्तराधिकारी महन्त' के पद पर विधि-विधान पूर्वक अभिषेक एवं पद प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में महामण्डलेश्वर देवाचार्य दयाराम दास जी, महामण्डलेश्वर ईश्वरदास जी महाराज, महन्त छोटन दास जी महाराज, प्रह्लाद दास जी, सखी बाबा, महन्त शिवराम दास जी, श्री महन्त रामशरण दास जी, गोपालाचार्य महाराज, महामण्डलेश्वर वृन्दावन दास जी, भागवताचार्य नारायण दास जी, महन्त रवि शास्त्री, महन्त चक्रपाणि दास, एवं महन्त करुणाशंकर आदि उपस्थित थे।

# भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव का पावन स्मरण किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वावधान में आज प्रात: महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर नगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक पर भावांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व परिवहन राज्य मंत्री अशोक कटारिया, पूर्व भाजपा विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, गुरुद्वारे के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरचरण सिंह चावला, साहित्यकार सत्यराज, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, एसपी सलूजा, संस्था के अध्यक्ष हरिकांत शर्मा, विभूतिकांत शर्मा, इंदुकात शर्मा, राजकुमार वर्मा, विजय जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, विवेक सेन, नमन जैन, मुदित गुप्ता, डॉ. आदित्य अग्रवाल, डीएस चौहान, नागेश्वर दयाल गहलोत, दिनेशचंद्र अग्रवाल नवीन, पारस अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, पवन कात्यायन, कुणाल गांधी, सोम गिरि महाराज, पूर्व प्राचार्य विजय पाल सिंह, रामसिंह सैनी सुमन, नरेश वर्मा आदि ने शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन

इस अवसर पर उपस्थित मचासीन अतिथियों ने शाहीद क्रांतिकारी का स्मरण करते हुए कहा कि हमें उनकी आशाओं के अनुरूप भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने मुगल काल में देश और धर्म की रक्षा के लिए त्याग और बलिदान की जो परंपरा शुरू की थी, सरदार भगत सिंह ने अंग्रेजी साम्राज्य से देश को मुक्ति दिलाने के लिए उसी का पालन किया था।

# शहीद मेले में बच्चों ने पेश किये कार्यक्रम



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नौजवान भारत सभा एवं स्त्री मुक्ति लीग द्वारा आयोजित शहीद मेले के दूसरे दिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय नांगल सोती के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों ने 'पढ़ना-लिखना सीखो, ओ मेहनत करने वालों', 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गीत और 'इब्नबतूता पहन के जूता', 'कौन गिराए बम बच्चों पर' जैसी कविताओं की प्रस्तुति के साथ ही गिरगिट नाटक का सफल मंचन किया। कार्यक्रम में फिल्म 'द लीजेंड ऑफ भगतसिंह' की स्क्रीनिंग भी की गई, जिसे काफी पसंद किया गया। शहीद मेला आयोजन समिति के चौधरी हेमेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के दौर में भगत सिंह के विचारों को समझने और अपनाने की सख्त आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन नौजवान भारत सभा के प्रदीप गोस्वामी ने किया।

# मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग कर परिवार को टूटने से बचाया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** दो पक्षों के मामूली विवाद को निपटाने में अगर निष्पक्षतापूर्वक कोशिश की जाए तो सफलता जरूर प्राप्त होती है। ऐसा ही एक प्रमाण थाना रेहड़ की मिशन शक्ति टीम के प्रयास से सामने आया, जिसने काउंसलिंग कर एक परिवार को टूटने से बचा लिया। हुआ यूं कि रविवार को एक विवाहिता थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी अपने मायके वालों के साथ रेहड़ थाने पहुंची और अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी अपने पति व कई ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के आरोप में कार्यवाही हेतु प्रार्थना-पत्र दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने आरोपी पक्ष को भी थाने बुला लिया। जिसके बाद मिशन शक्ति टीम के सदस्यों महिला आरक्षी पूजा एवं आरक्षी विजय तोमर आदि ने पति-पत्नी सहित दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें देर तक समझाते हुए परिवार के टूट जाने के नफे-नुकसान से अवगत कराया। परिणामस्वरूप पति-पत्नी व दोनों पक्षों के परिजनों ने भी इसे गंभीरता से समझा और आपसी सहमति से भविष्य में कोई विवाद न करने व एक साथ रहने की बात पर सहमत होकर पुलिस टीम को दुआएं देते हुए चले गए। थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि किसी परिवार को टूटने से बचाना हमारी जिम्मेदारी के साथ-साथ इंसानियत भरा एक पुण्य कार्य भी है।

# गन्ना छिलाई के दौरान मिला गुलदार का शावक

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम कोकापुर में गन्ने की छिलाई करने के दौरान खेत में एक स्थान पर गुलदार का शावक मिला, जिससे किसानों में दहशत व्याप्त हो गयी। सोमवार को ग्राम कोकापुर निवासी संजीव कुमार के खेत में गन्ने की छिलाई हो रही थी।



खेत के एक हिस्से में बनी मिट्टी की मांद में एक गुलदार का शावक दिखाई दिया, जिससे खेत में काम कर रहे किसानों में दहशत व्याप्त हो गई। मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है।

# शहीद भगत सिंह के नाम पर होगा नवनिर्मित स्टेडियम का नाम

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज शहीद दिवस के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने नियामतपुर में नवनिर्मित स्टेडियम को शहीदों को समर्पित करते हुए उसका नाम 'अमर शहीद सरदार भगत सिंह स्टेडियम' रखने का प्रस्ताव पास कराया।

आज शहीदे आजम भगत सिंह, शहीद सुखदेव और शहीद राजगुरु के शहीद दिवस के अवसर पर क्षेत्र पंचायत नजीबाबाद में क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष (ब्लॉक प्रमुख) तपराज सिंह देशवाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों हेतु बुलाई गई बैठक में ग्राम पंचायत गूढ़ा के राजस्व ग्राम नियामतपुर में नवनिर्मित स्टेडियम का नाम सरदार भगत सिंह के नाम पर रखने का प्रस्ताव स्वयं ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा रखा गया। बैठक में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने एक मत से प्रस्ताव को स्वीकार किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिये जान न्यौछावर करने वाले अमर शहीद सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस पर क्षेत्र में नवनिर्मित स्टेडियम का नामकरण उनके नाम पर करना हमारी ओर से उन्हें एक छोटी सी श्रद्धांजलि है। बैठक में खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया, प्रशांत चौधरी, अर्पण चौधरी, सतविंदर पोप, जसविंदर सिंह, धीर सिंह, ब्रजराज सिंह एड., अंकित गिरि, कई ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# आंधी से तिरछा हुआ विद्युत पोल दे रहा दुर्घटना को दावत

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक सप्ताह पूर्व आए आंधी तूफान में झुककर तिरछा हुआ हाईटेंशन विद्युत लाइन का खंभा आसपास के निवासियों एवं राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी खंभे को सीधा न कर पाने को लेकर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी है। खंभे के ठीक सामने रहते सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि इस खंबे से होकर हाईटेंशन विद्युत तार गुजरते हैं, जो झुककर घरों के छतों के करीब जा पहुंचे हैं। उनका कहना है कि यदि बिजली आने के दौरान खंभा या कोई तार टूटकर गिर जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। उधर मानियावाला निवासी युवा भाजपा नेता ऋषभ चौहान ने बताया कि इस आंधी तूफान के दौरान उनके व उनके चाचा के मौजा मानियावाला स्थित खेतों के ट्यूबवैल कनेक्शन वाली विद्युत लाइन के तीन खंभे टूटकर गिर जाने के बाद बार-बार सूचना के बावजूद विद्युत कर्मचारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में संबंधित अवर अभियंता (जेई) हर्ष शर्मा से उनका पक्ष जानना चाहा, मगर संपर्क नहीं हो सका।



आंधी से झुककर तिरछा हुआ खंभा।

# नगीना में हर्षोल्लास से मनाई गई ईद

**नगीना ( चिंगारी )।** ईद उल फितर का त्यौहार नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। शनिवार को बढ़ापुर मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध ईदगाह व थाने के पास स्थित जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में हजारों की संख्या में पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। ईदगाह के बाहर विभिन्न पार्टियों के नेताओं व समाजसेवी लोगों ने नमाजियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। ईदगाह पर नगर पालिका परिषद द्वारा लगाए गए स्वागत शिविर में चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, शेख सहराज खलील ने नमाजियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर अफजाल कुरैशी, सिद्धिक मुल्तानी, नरेश कुमार, मदनपाल सिंह, अंजार सैफी आदि मौजूद रहे। उधर सपा विधायक मनोज पारस द्वारा भी लगाए गए स्वागत शिविर में उन्होंने लोगों का स्वागत किया।



ईदगाह के बाहर चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील को ईद की मुबारकबाद देते पुलिस अधिकारी।

आजाद समाज पार्टी द्वारा लगाए गए स्वागत शिविर में पार्टी के प्रदेश सचिव आरिफ मलिक, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। उधर कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए गए स्वागत शिविर में सेवानिवृत आईएएस आरके सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नमाजियों का स्वागत किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रकाश कुमार, एसडीएम विजय शंकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमरपाल, थाना अध्यक्ष अवनीतमान सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहे।

# अब राजशाही नहीं चलेगी, कानून से चलेगा देश - दिगंबर

## खिरनी जमीन विवाद ने पकड़ा तूल, चंदक में हुई महापंचायत



चंदक (चिंगारी)। मंडावर क्षेत्र के ग्राम खिरनी में 12 बीघा जमीन को लेकर चल रहा विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। एक ओर जहां इस मामले में एक पक्ष के साथ पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह हैं, वहां दूसरी ओर भाकियू अराजनीतिक के नेता दिगंबर सिंह खुलकर दूसरे पक्ष के समर्थन में उतर आए हैं।

रविवार को मंडी समिति चन्दक के प्रांगण में दिगंबर सिंह ने एक बड़ी किसान महापंचायत का आयोजन किया। पंचायत में जिलेभर से भारी संख्या में किसान पहुंचे और समरपाल सिंह की पुत्री संगीता के समर्थन में आवाज बुलंद की। किसानों ने एकजुट होकर संगीता को न्याय दिलाने का संकल्प लिया।


पंचायत को संबोधित करते हुए दिगंबर सिंह ने पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब राजशाही का दौर समाप्त हो चुका है, देश में लोकतंत्र है। देश अब किले से नहीं, कानून से चलेगा। यदि कोई किसानों के हक से टकराने का प्रयास करेगा तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय जो भी निर्णय देगा, वह किसानों को स्वीकार होगा, लेकिन किसी भी प्रकार का दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दिगंबर सिंह ने प्रशासन को भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी अधिकारी ने दबाव में आकर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की तो उसे जिले में काम करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने पंचायत में संगीता के पक्ष में दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। दावा किया कि सब कुछ उनके पक्ष में है। सभा में मौजूद अन्य किसान नेताओं ने भी पूर्व सांसद पर जमकर कटाक्ष किए। आरोप लगाया कि भारतेंद्र सत्ता के प्रभाव का इस्तेमाल कर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करा रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि किसान अब जागरूक हैं और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं।

सूरज प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित महापंचायत में जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, महासचिव नतेन्द्र प्रधान, अतुल प्रधान, राजेश प्रधान, मुकुल त्यागी, समरपाल सिंह, लोकेन्द्र चौधरी, बलराम सिंह, दीपक त्यागी, इकबाल सिंह, महल सिंह सहित कई प्रमुख किसान नेता मंचासीन रहे। महापंचायत के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## भगत सिंह भूले नहीं

भगत सिंह, सुखदेव क्यों, खो बैठे पहचान।
पूछ रही माँ भारती, तुम से हिंदुस्तान।।
भगत सिंह, आज़ाद ने, फूंका था शंख नाद।
आज़ादी जिनसे मिले, रखो हमेशा याद।।
बोलो सौरभ क्यों नहीं, हो भारत लाचार।
भगत सिंह कोई नहीं, बनने को तैयार।।
भगत सिंह, आज़ाद से, हो जन्मे जब वीर।
रक्षा करते देश की, डिगे न उनका धीर।।
मरते दम तक हम करे, एक यही फरियाद।
भगत सिंह भूले नहीं, याद रहे आज़ाद।।
मिट गया जो देश पर, करी जवानी वार।
देशभक्त उस भगत को, नमन करे संसार।।
भारत माता के हुआ, मन में आज मलाल।
पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से लाल।।
तड़प उठे धरती, गगन, रोए सारे देव।
जब फांसी पर थे चढ़े, भगत सिंह, सुखदेव।।
भगत सिंह, आज़ाद हो, या हो वीर अनाम।
करें समर्पित हम उन्हे, सौरभ प्रथम प्रणाम।।



-डॉ सत्यवान सौरभ




**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7**
**बिजनौर।**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना-04/अधि0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक **27.03.2026** को अपरान्ह **5.00** बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक **28.03.2026** को अपरान्ह **12:00** बजे मुख्य अभियन्ता (मध्य गंगा नहर परियोजना) सिंचाई विभाग, उ0प्र0, अलीगढ़ द्वारा निर्धारित समिति के द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7, बिजनौर के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र **दिनांक 24.03.2026 के पूर्वान्ह से दिनांक 27.03.2026 के अपरान्ह 3:00 बजे तक** किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय एंव अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, अमरोहा एंव अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-6, मेरठ के कार्यालय में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करते समय (1)पंजीकरण (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1) (3) हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2) (4) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (IDT-3) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेगी अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमे प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो भी जमा करने के पश्चात निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।

धरोहर धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7, बिजनौर के पक्ष में बन्धक होगी, जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। यह भी अवगत कराना है कि मध्य गंगा नहर परियोजना का उद्घाटन आगामी वित्तीय वर्ष मे किया जाना प्रस्तावित है। अतः सम्बन्धित सभी कार्य इसी वित्तीय वर्ष मे पूर्ण किये जाने है।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 मे) | जमानत धनराशि (Earnest Money) (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी चार्ज+जी0 एस0टी0 (रू0 मे) | पंजीकृत श्रेणी न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रायपुर अल्पिका के किमी0 0.000 से किमी0 3.516 तक के मध्य दांये एवं बांये बैक पर कुल 10 नग कुलाबे के निर्माण का कार्य। | 3.50 | 0.07 | 60 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 2 | फतेहपुर अल्पिका के किमी0 0.000 से किमी0 3.480 तक के मध्य दांये एवं बांये बैक पर कुल 10 नग कुलाबे के निर्माण का कार्य। | 3.52 | 0.07 | 60 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 3 | मण्डनपुर अल्पिका के किमी0 0.000 से किमी0 4.885 तक के मध्य दांये एवं बांये बैक पर कुल 12 नग कुलाबे के निर्माण का कार्य। | 4.50 | 0.09 | 60 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 4 | सिकन्दरपुर अल्पिका के किमी0 0.000 से किमी0 4.920 तक के मध्य दांये एवं बांये बैक पर कुल 14 नग कुलाबे के निर्माण का कार्य। | 4.96 | 0.10 | 60 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 5 | बहेड़ा अल्पिका के किमी0 0.000 से किमी0 4.300 तक के मध्य दांये एवं बांये बैक पर कुल 11 नग कुलाबे के निर्माण का कार्य। | 3.80 | 0.08 | 60 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 6 | बबैना अल्पिका के किमी0 0.000 से किमी0 6.620 तक के मध्य दांये एवं बांये बैक पर कुल 17 नग कुलाबे के निर्माण का कार्य। | 6.01 | 0.12 | 60 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 7 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 0.000 से किमी0 6.126 तक के मध्य दांये एवं बांये बैक पर कुल 15 नग कुलाबे के निर्माण का कार्य। | 4.35 | 0.08 | 60 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट (**http://etender.up.nic.in**) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाईट (**http://www.idup.gov.in**) पर उपलब्ध है। वेबसाईट से ड्राईग उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देख सकेंगे।

R.O.No. 248686 Date: 20.03.2026
UPID.www.upgov.nic.in

(एस0एन0उपेन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता

# शहीदे आजम भगत सिंह और बैरिस्टर आसफ़ अली!

## स्योहारा की माटी से उपजा न्याय का 'इंकलाबी' स्वर

**आज शहीदी दिवस पर विशेष**

भारतीय स्वाधीनता के महासमर में जनपद बिजनौर की ऐतिहासिक और वैचारिक भूमिका केवल किंवदंतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस अटूट संकल्प का साक्षी रहा है, जिसने 'इंकलाब' के नारों को कानूनी सुदृढ़ता प्रदान की। जब 23 मार्च 1931 की कालजयी निशा में लाहौर सेंट्रल जेल की प्राचीर ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को आत्मसात किया, तब उसकी मर्माहत गूंज स्योहारा की गलियों में भी उतनी ही तीव्रता से अनुगुंजित हुई। इस संवेदनात्मक जुड़ाव का मुख्य सूत्रधार स्योहारा का वह यशस्वी सपूत था, जिसने भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों को अदालत के पन्नों पर सदा के लिए अमर कर दिया-बैरिस्टर आसफ अली!




11 मई 1888 को स्योहारा की पावन धरा पर जन्मे आसफ अली की मेधा का आलोक वैश्विक क्षितिज तक फैला। स्योहारा से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से स्नातक और तत्पश्चात 1909 से 1914 के मध्य इंग्लैंड में रहकर वकालत की उच्चतम शिक्षा पाने वाले इस विद्वान ने भारत लौटकर अपनी मेधा को पूर्णतः राष्ट्र के चरणों में समर्पित कर दिया।

आसफ अली केवल एक कुशल अधिवक्ता नहीं, बल्कि उच्च कोटि के राजनीतिज्ञ और दूरदर्शी चिंतक थे। वर्ष 1929 के दिल्ली असेंबली बम कांड के उपरांत जब शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त पर अभियोग चला, तब आसफ अली ने उनकी पैरवी का बीड़ा उठाकर न्यायपीठ को ही वैचारिक प्रसार का मंच बना दिया। उन्होंने ऐसी अचूक कानूनी व्यूह रचना तैयार की जिससे क्रांतिकारी अपना पक्ष स्वयं रख सकें। उन्होंने विश्व के सम्मुख यह सिद्ध किया कि उस विस्फोट का उद्देश्य किसी की हत्या करना नहीं, अपितु बहरी हुकूमत के कानों तक भारतीय आवाम की आवाज पहुंचाना था। उनकी तार्किक क्षमता और विधि ज्ञान की गहराई ऐसी थी कि अंग्रेज न्यायाधीश भी उनकी दलीलों के कायल हो गये।


पंडित जवाहरलाल नेहरु के साथ बैरिस्टर आसफ अली।

भगत सिंह की शहादत ने बिजनौर के जनमानस को झकझोर कर रख दिया था। उस दौर में जनपद से प्रकाशित होने वाले प्रतिष्ठित समाचार-पत्र 'मदीना' और उसके मालिक मौलवी मजीद हसन ने ब्रिटिश सेंसरशिप की लौह बेड़ियों की परवाह किए बिना इस शहादत को 'राष्ट्रीय शोक' का स्वरूप प्रदान किया। स्योहारा के बाजारों में पसरा सन्नाटा और युवाओं की आंखों में उपजा आक्रोश इस बात का प्रमाण था कि बिजनौर की माटी अपने नायकों के साथ एकात्म थी। ठाकुर पृथ्वी सिंह, पंडित रामशरण शर्मा और मौलाना हिफ्जुर्रहमान स्योहारवी जैसी विभूतियों ने इस क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय चेतना की जो त्रिवेणी प्रवाहित की, वह आज भी इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज है।

1945 के अंत में, जब ब्रिटिश सरकार ने आज़ाद हिंद फ़ौज के अधिकारियों (शाह नवाज़ ख़ान, प्रेम सहगल और गुरबख़्श सिंह ढिल्लो) पर लालकिले में राजद्रोह का मुकदमा चलाया, तो आसफ़ अली ने उनके बचाव में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

आसफ़ अली उस विधिक टीम के संयोजक थे, जिसे कांग्रेस ने INA के सिपाहियों को बचाने के लिए गठित किया था।

उन्होंने सर तेजबहादुर सप्रू, भूलाभाई देसाई और जवाहरलाल नेहरू जैसे दिग्गज वकीलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यह मुक़दमा लड़ा। अपनी क़ानूनी दक्षता और तर्कों के दम पर उन्होंने न केवल उन अधिकारियों का बचाव किया, बल्कि इस मुक़दमे को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रति जन-भावनाओं को जगाने का एक बड़ा जरिया बना दिया।



आजादी के पश्चात भी आसफ अली ने अपनी कूटनीतिक विलक्षणता से देश का मान बढ़ाया। वे पंडित नेहरू की अंतरिम सरकार में रेलवे एवं परिवहन अधिकारी रहे, अमेरिका में भारत के प्रथम राजदूत नियुक्त हुए और ओडिशा के राज्यपाल के रूप में अपनी प्रशासनिक क्षमता का लोहा मनवाया। वर्ष 1928 में उनका विवाह क्रांतिकारी अरुणा आसफ अली से हुआ, जो स्वयं स्वाधीनता संग्राम की एक मशाल बनीं। 2 अप्रैल 1953 को स्विट्जरलैंड में इस महान विभूति का अवसान हुआ, किंतु राष्ट्र ने उनकी स्मृति को दिल्ली के 'आसफ अली रोड' और 1989 में जारी डाक टिकट के माध्यम से सदैव के लिए सुरक्षित कर लिया।

आज जब हम राष्ट्र के स्वाभिमान की चर्चा करते हैं, तो बिजनौर और स्योहारा का नाम गर्व से लिया जाता है। भगत सिंह का सर्वोच्च बलिदान और बैरिस्टर आसफ अली की अद्भुत विद्वत्ता, हमारे इतिहास के ऐसे दो देदीप्यमान स्तंभ हैं जिन्हें वक्त की धूल कभी धुंधला नहीं कर पाएगी। यह पावन धरती केवल अन्न ही नहीं, अपितु स्वाभिमान और न्याय के पुरोधाओं को जन्म देने वाली उर्वरा भूमि है।

-परवेज आदिल माही

# भाईचारे का परचम बुलंद रखें- सांसद रुचि वीरा

## साईम राजा ने आयोजित किया विशाल ईद मिलन कार्यक्रम

**किरतपुर (चिंगारी)।** राजा गजम्फर अली खां मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले कल मरियम डिग्री कॉलेज में एक भव्य एवं विशाल ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्यमी प्रमोद अग्रवाल ने की। मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं, जबकि सांध्य दैनिक चिंगारी के प्रधान संपादक डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी, डॉ. एनएच मिर्जा व वरिष्ठ सपा नेता खुशनूद खां विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि कुंवरानी रुचि वीरा सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि आपसी भाईचारे का परचम बुलंद रखें। नफ़रत फैलाने वालों की संख्या बहुत कम है। हमें उन्हें परास्त करना है और इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहना चाहिए। रुचि वीरा ने स्वर्गीय राजा गजंफर अली खां का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि नाम के भी राजा थे और काम के भी राजा थे। उनके दामाद साईम राजा व पुत्री मरियम साईम राजा उनके अधूरे छोड़े कार्य को पूरा करने में लगे हैं।


सांसद रुचि वीरा को सम्मानित करते हुए साईम राजा व मरियम साईम राजा

वरिष्ठ सपा नेता खुशनूद खां के ओजस्वी भाषण पर खूब तालियां बजीं। कार्यक्रम को पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, कार्यक्रम संयोजक साईम राजा, मशहूर शायर शनावर किरतपुरी, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील, सपा नेता राहुल चौधरी, वरिष्ठ नेता मुनिदेव शर्मा, कवयित्री नीलम शर्मा, अथर खां, साजिद खां, मुबश्शिर जमा खां, एडवोकेट रवि मेहरा, एडवोकेट हसन अली चौधरी, नरेश कालरा, डॉ. एनएच मिर्जा आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर किरतपुर नगर में हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने के लिए वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान, कैप्टन मजहर नामी, डॉ. एहसानुल करीम, मुंशी हसीनुद्दीन, हसन अली चौधरी, रवि मेहरा आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जबकि सांसद रुचि वीरा को अभिनंदन-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, समाजसेवी डॉ. एनएच, मिर्जा आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का आगाज शायर शादाब जफर शादाब द्वारा प्रस्तुत नातेपाक से किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रुचि वीरा।

कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम दोनों काफी की उपस्थिति रही। अंत में कार्यक्रम संयोजक साईम राजा व मरियम साईम राजा ने सबका आभार व्यक्त किया। संचालन सब्बन जुनैदी ने किया।

# 'धुरधंर टू' में भी छा गये धामपुर के विवेक

–मनोज कात्यायन

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला खातियान निवासी विवेक सिन्हा ने बालीवुड में धुरंधर वन में शानदार अभिनय करने के बाद धुरंधर टू में भी अपने अभिनय का परचम लहरा दिया है। आजकल यह फिल्म धामपुर के एक सिनेमा हॉल में चल रही है, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं।

विवेक सिंन्हा ने वर्ष 1999 में कंधार प्लेन हाईजैक के आतंकवादी जहूर मिस्त्री का दुरंधर वन में किरदार निभाया है। उस फिल्म में उनका एक डायलॉग 'हिंदू बहुत डरपोक कौम है' सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इसी फिल्म के एक सीन में वह माधवन (अजीत डोभाल) को धमकाते हुए कहते हैं पड़ोस में रहते हैं हम, गुदे भर का जोर लगा लो,,,,,, और बिगाड़ लो जो बिगाड़ सकते हो। 5 दिसंबर 2025 को फिल्म धुरंधर वन रिलीज होने के बाद दर्शकों ने विवेक सिंन्हा के नये लुक और डायलॉग डिलीवरी ने दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी थी। इस फिल्म की अपार सफलता के बाद 19 मार्च 2026 को धुरंधर टू फिल्म रिलीज हुई तो इसने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।



इस फिल्म में भी विवेक सिंन्हा ने आतंकवादी जहूर मिस्त्री का शानदार किरदार निभाया है। फिल्म धुरंधर 2 के अंतिम सीन में जब आतंकवादी जहूर मिस्त्री को गोली मारी जाती है तो उसे भी भारत माता की जय बोलना पड़ता है। फिल्म में उनके डायलॉग हिंदू बहुत डरपोक कौम है, पर कई यूजरों ने उनको जान से मारने की धमकी भी दी है, जिसमें कहा गया है कि हमारे हिंदुस्तान आजा तुझे हम बताएंगे कि हिंदू कितनी डरपोक कौम है। इससे यह साबित होता है कि उन्होंने अपना शानदार अभिनय कर दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। इसके बाद विवेक सिन्हा को सोशल मीडिया पर आकर कहना पड़ा कि भाई मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं मैंने सिर्फ एक किरदार निभाया है, मैं पाकिस्तानी भी नहीं हूं, बल्कि में जनपद बिजनौर के धामपुर शहर का निवासी हूं जो अब मुंबई के फिल्म इंडस्ट्रीज में काम कर रहा हूं।



विवेक सिन्हा की धुरंधर फिल्म का सीन

## विवेक जमीन से जुड़े कलाकार- रोमियो

**विवेक सिन्हा को उनके मित्र कोरियोग्राफर रोमियो मयूर ने वीडियो कॉल के माध्यम से शानदार अभिनय करने की बधाई दी है। रोमियो का कहना हैकि विवेक सिन्हा एक प्रतिभाशाली कलाकार हैं और जमीन से जुड़े हुए कलाकार हैं। धुरधंर-टू में विवेक सिन्हा का अभिनय दर्शकों को बहुत पसंद आ रहा है।**

## कई फिल्मों में अभिनय किया

**धामपुर निवासी विवेक सिन्हा के पिता स्वर्गीय कृष्ण वीर सिन्हा धामपुर शुगर मिल में सर्विस करते थे। विवेक सिन्हा की शिक्षा शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई और अभिनय का कोर्स उन्होंने हिमाचल से किया। बॉलीवुड फिल्म पीके, पीरियड, चार्ट द पिकअप आर्टिस्ट, मोदी जी की बेटी, तांडव सहित कई फिल्मों में अभिनय किया, कई टीवी सीरियल्स भी उन्होंने किये हैं। इन फिल्मों में उन्हें अभिनेता संजय दत्त, अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह जैसे स्टार के साथ काम करने का मौका मिला।**



## उ.प्र. में गौवंश संरक्षण को लेकर हर मंडल में निगरानी के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने निराश्रित गौवंश की देखभाल को लेकर व्यवस्था और कड़ी कर दी है। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सभी 18 मंडलों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए उन्हें गौशालाओं की निगरानी और व्यवस्थाओं की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। रविवार को अपने आवास पर अधिकारियों के साथ बैठक में धर्मपाल सिंह ने कहा कि 30 मार्च तक भूसा और साइलेज की टेंडर प्रक्रिया हर हाल में पूरी की जाए, ताकि आने वाले समय में चारे की कमी न हो। टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं गोरखपुर और वाराणसी मंडलों का निरीक्षण करेंगे, जबकि अन्य मंडलों की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी गौ-आश्रय स्थलों पर भूसा बैंक की व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें कम से कम दो महीने का चारा सुरक्षित रखा जाए। साथ ही गौशालाओं में रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया को भी व्यवस्थित और अद्यतन करने के निर्देश दिये गये हैं।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



ATHER

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है–

मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक

मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है

*वर्कशॉप सुपरवाइजर

*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# आधा किलो गौवंशीय मांस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सलमान उर्फ बिहारी पुत्र उस्मान उर्फ बाबू व अयान पुत्र उस्मान उर्फ बाबू एवं उस्मान उर्फ बाबू पुत्र कल्लू निवासीगण भनेड़ा थाना किरतपुर ईद के अवसर पर अपनी रिश्तेदारी में इदरीस पुत्र महबूब निवासी काजी हाउस तिराहा मोहल्ला पठानपुरा के घर पर प्रतिबंधित गौवंशीय पशु का मांस लेकर आए है। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर इदरीस के घर से लगभग 500 ग्राम प्रतिबंधित गौवंशीय मांस बरामद किया गया। इस संबंध में थाने पर सलमान उर्फ बिहारी आदि पांच के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा मौके से अभियुक्त सलमान उर्फ बिहारी पुत्र उस्मान उर्फ बाबू व अयान पुत्र उस्मान निवासीगण निकट बुध बाजार किरतपुर को गिरफ्तार किया। अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। अभियुक्तों ने बताया कि वे दोनों सगे भाई है तथा अपने पिता उस्मान उर्फ बाबू के साथ ईद मिलने के लिए अपने मामू इदरीश पुत्र महबूब निवासी काजी हाउस तिराहा, मोहल्ला पठानपुरा नजीबाबाद के घर आए थे। उन्होंने बताया कि वे तीनों आजाद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम हुसैनपुर जो अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस बेचता है से लगभग 2 किलोग्राम गोवंशीय मांस खरीदकर लाए थे। अभियुक्तों के अनुसार उक्त मांस में से लगभग डेढ़ किलोग्राम मांस उन्होंने रात में अपने मामू इदरीश एवं पिता उस्मान के साथ मिलकर पकाकर खा लिया, जबकि शेष लगभग 500 ग्राम मांस घर में रखे लाल रंग के फ्रिज में रखा हुआ था, जिसे पुलिस बरामद कर लिया।

# तीन दिन बंद रहेगा कल्हेड़ी रेल फाटक

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद– फजलपुर मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 485/ए कल्हेडी रोड पर रेल पथ की मरम्मत की जाएगी। जिस कारण रेलवे फाटक संख्या–485/ए 22 मार्च की सुबह आठ बजे से 24 मार्च की रात आठ बजे तक बंद रहेगा। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद अनीस के अनुसार रेलवे ट्रैक के अनुरक्षण कार्य के लिए स्लीपर बदलने ओवरहालिंग तथा रोड सर्फेस बनाने का कार्य किया जाना है। इसके लिए उपरोक्त रेलवे फाटक रोड ट्रैफिक के लिए उपरोक्त अवधि में बंद रहेगा, इसलिए इस फाटक से गुजरने वाले सभी यातायात के लिए कल्हेडी नहर से वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध है।

# बंद कमरे में मिला युवक का शव

नजीबाबाद (चिंगारी)। साहनपुर में एक व्यक्ति का शव बन्द कमरे में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। रविवार को दोपहर पुलिस को सूचना मिली थी कि नगर पंचायत साहनपुर के मोहल्ला जरूफसाजान में एक बन्द कमरे में तीस वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा है। बताया गया कि 30 वर्षीय बाबर पुत्र नजाकत अपने भाई अरशद व भाभी सितारा के साथ एक ही मकान में रहता था। अरशद ने पुलिस को बताया कि दोपहर में उसकी पत्नी सितारा ने देखा कि कमरा अन्दर से बन्द था और आवाज लगाने पर भी बाबर जवाब नहीं दे रहा था। उसने अपने पति अरशद को बताया और आस पास के लोग भी जमा हो गये। परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे जहां देखा कि बाबर फर्श पर पड़ा हुआ था। उसके सिर, आंख और पैर पर चोट के निशान भी दिखाई दे रहे थे। परिजन उसे अस्पताल ले गये जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरैंसिक टीम ने मौका मुआयना किया और जांच की। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। परिजनों ने बाबर की हत्या की आशंका जताई है और तहरीर देकर पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# सैम्पिलिंग टीम के आने से व्यापारियों में मचा हड़कंप

नजीबाबाद (चिंगारी)। सोमवार को सुबह नगर के बाजार में अचानक सैम्पिलिंग टीम के आने की खबर मिलते ही बाजारों में खाद्य पदार्थ बेचने वालों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। सैम्पिलिंग टीम के आने से बाजार में कई घंटे तक हड़कंप मचा रहा। ईद के मौके पर बाजारों में बिक रहे खाद्य पदार्थों की जांच के लिए शासन के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने कई स्थानों पर पहुंचकर खाद्य पदार्थ की जांच करने के साथ सैम्पिलिंग की। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सैम्पिलिंग टीम के मुख्य बाजारों में पहुंचने से पहले ही काफी संख्या में किराना का सामान व मिठाई बेचने वाले दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। कुछ समय बाद अधिकारियों के बाजार से चले जाने के बाद दुकानें खुल गई।

# 24 फरवरी से इजराइल में फंसा हुआ है धामपुर का युवा यूट्यूबर



**धामपुर (चिंगारी)। धामपुर का युवा यूट्यूबर ईरान इजरायल युद्ध के चलते पिछले करीब 1 महीने से फंस गया है। युवा यूट्यूबर के परिवार वालों ने भारत सरकार से अपील की है कि उनके पुत्र को जल्द से जल्द सुरक्षित अपने देश वापस लाया जाए। मोहल्ला बक्खलान के रहने वाले खैराती स्वीट के संचालक राजीव अग्रवाल के इकलौते पुत्र सोमिल अग्रवाल (28 वर्ष) 24 फरवरी 2026 को इजरायल की एक कंपनी के आमंत्रण पर शूटिंग के लिए इजराइल गए थे। उनके जाने का यह दौरा दो–तीन दिनों का था। लेकिन जब वहां पहुंचे तो इसी दौरान ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया और हालात युद्ध जैसे हो गए। जिसके चलते युवा यूट्यूबर इजरायल में फंस गया। परिजनों के अनुसार सोमिल ने फोन पर परिजनों को बताया कि इजराइल में स्थिति बेहद तनावपूर्ण है और लगातार हमले हो रहे हैं। आम जन जीवन प्रभावित है। इस समय तेल अवीव के एक होटल के बंकर में ठहरे हुए हैं। सुरक्षा के कारण बाहर निकलना उनके लिए संभव नहीं है। परिवार का कहना है कि भारत लौटने के लिए यूरोप के रास्ते विकल्प मौजूद हैं। लेकिन ट्रेंजिट वीजा ने होने के कारण वापसी में आना उनके लिए मुश्किल साबित हो रहा है। सौमील के परिवार ने केंद्र सरकार से मांग की है कि, इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सरकार उसे सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था की जाए।**

# दुर्गा मंदिर में गायत्री साधकों ने किया माँ दुर्गा पूजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। दुर्गा मंदिर जयनगर में गायत्री साधकों ने मां दुर्गा का षोडशोपचार पूजन करते हुए पान, सुपारी, नारियल, पुष्प, नैवेद्य समर्पित करते हुए मां दुर्गा की आरती एवं दुर्गा चालीसा पाठ किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि मां दुर्गा शक्ति की देवी है, कथा है कि ब्रह्मा जी ने असुरों का सामना करने के लिए सभी देवताओं की थोड़ी–थोड़ी शक्ति संगृहीत करके दुर्गा अर्थात संघ शक्ति का निर्माण किया, उसके बल पर शुभ–निशुभ, मधुकैटभ, महिषासुर आदि राक्षसों का अंत हुआ। दुर्गा की अष्टभुजा का मतलब आठ प्रकार की शक्तियों से है, शरीर–बल, विद्या–बल, चातुर्य–बाल, धन–बल, शस्त्र–बल, शौर्य–बल, मनो–बल व धर्म–बल इन आठ प्रकार की शक्तियों का सामूहिक नाम ही दुर्गा है, साधकों के लिए नवरात्रि शक्ति संचय का पर्व है। डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ पर सौ परिवार 24–24 हजार का गायत्री मंत्र का अनुष्ठान अखंड दीपक के समक्ष कर रहे हैं। राज भटनागर, प्रवेश बरनवाल, पीयूष, नीलम बरनवाल, कामेश शर्मा, रेखा चैहान, पिंकी प्रजापति, सरोज यादव, सारिका अग्रवाल, सुमन वर्मा आदि ने दुर्गा पूजन में भाग लिया।





# अल्लाह की बारगाह में दुआ के लिये हाथ उठे तो माहौल हुआ रूहानी


ईद की नमाज के दौरान लोगों का इस्तकबाल करते हुये चेयरपर्सन पति जावेद विकार तथा शेख सुलेमान


जामा मस्जिद में लोगों को ईद की मुबारकबाद देते हुये शेख इरशाद हुसैन।

## अफजलगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फ़ित्र

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। नगर व ग्रामीण इलाकों में ईद-उल-फितर का मुकद्दस त्यौहार बड़ी धूमधाम, अकीदत और खुशगवार माहौल में मनाया गया। सुबह से ही ईदगाह और मस्जिदों की तरफ नमाजियों का सिलसिला शुरू हो गया था और हर तरफ रौनक दिखाई दी। अफजलगढ़ की बड़ी ईदगाह में हजारों लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की और मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, भाईचारा और खुशहाली के लिए खास दुआएं मांगीं। दुआ के दौरान एक साथ उठे हजारों हाथों का मंजर बेहद रूहानी रहा।**

ईदगाह अफजलगढ़ में सुबह करीब 8:15 बजे मौलाना अशफ़ाक क़ासमी ने नमाज अदा कराई। ईद उल फितर की नमाज़ से पहले अपने बयान में उन्होंने कहा कि ईद हमें मोहब्बत, भाईचारा, सब्र और शुक्र का पैगाम देती है। रमज़ान के महीने में जो सबक मिला है, उसे अपनी जिंदगी में जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों का खास ख्याल रखें और समाज में आपसी इत्तेहाद को मजबूत करें। जामा मस्जिद अफजलगढ़ में 8:30 बजे मुफ्ती मौहम्मद नईम


ईदगाह में नमाज के बाद दुआ मांगते हुए मुसलमान।

ने ईद की नमाज अदा कराई। इस मौके पर पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट, मेम्बर कलवा कुरैशी, सपा नेता मदनलाल सैनी, पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, पूर्व चेयरमैन नफीस अहमद, शमीम अंसारी भट्टे वाले, कांग्रेस नेता शेख इस्माइल तुर्क, इमरान वफा, गुफरान कुरैशी, शैख़ मौ. जैद, अफजाल असलूब अंसारी, सभासद रियासतुल्ला हुसैन, सभासद डॉ. शाहिद हुसैन समेत बड़ी तादाद में गणमान्य लोग मौजूद रहे। सीओ अफजलगढ़ आलोक सिंह, ईओ एसपी सिंह, थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी, एसएसआई श्रीपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार सहित भारी पुलिस फोर्स तैनात रही और पूरी तरह से अमन-ओ-अमान कायम रखा गया। नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ की जानिब से हर साल की तरह इस बार भी ईद को लेकर खास इंतजाम किए गए। ईदगाह और उसके आसपास के इलाकों में बेहतर सफाई कराई गई, वहीं ईदगाह गेट और मेन बाजार को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया, जो लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा। इन इंतजामात को लेकर नगरवासियों ने चेयरपर्सन तबस्सुम जावेद की खूब सराहना की। ईद के मौके पर नगर के मुस्लिम बहुल मोहल्लों में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों ने झूले, खिलौने और चाट-पकौड़ी का खूब लुत्फ उठाया। बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही और हर तरफ खुशी और रौनक का माहौल रहा।

## कार्यालय जिला क्रीड़ाधिकारी, बिजनौर।

पत्रांकः 332/2025-26 दिनांकः- 20 मार्च 2026

### जीवन रक्षक हेतु विज्ञापन

नेहरू स्पोर्ट्स बिजनौर स्थित तरणताल के संचालन हेतु 02 पुरूष एवं 01 महिला अशंकालिक मानदेय जीवन रक्षकों के लिए उत्तर प्रदेश के निवासी उम्मीदावारों से विहित प्रपत्र में दिनांक 29 मार्च 2025 तक जिला खेल कार्यालय बिजनौर में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**कोटिवार विवरण निम्नवत है।**
**अंशकालिक मानदेय जीवन रक्षक हेतु शैक्षणिक योग्यता, खेल योग्यता, उम्र सीमा एवं चयन प्रक्रिया ( अनिवार्य अर्हता ):-**

1. मान्यता प्राप्त संस्था से 12वीं उत्तीर्ण हो।
2. तैराकी में जीवन रक्षक का कोर्स किया हो।
3. न्युनतम आयु 18 वर्ष
4. मानदेय 15,000/- रूपये प्रतिमाह
5. अण्डर वाटर स्वीमिंग
6. लगातार 10 मिनट स्वीमिंग टेस्ट
7. पानी में कूदने का तरीका
8. बचाव के तरीके
9 निश्चित समय अवधि में पानी के अन्दर से ईंट निकाला

**( राजकुमार )**
**जिला क्रीड़ाधिकारी**
**बिजनौर।**

## कम्पोजिट शॉप में हुई चोरी का खुलासा करने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** चौधरी प्रशांत कुमार सिंह एडवोकेट के आवास पर हुई कंपोजिट शॉप के व्यापारियों की बैठक में 14 मार्च को ग्राम ढक्का करमचंद स्थित कंपोजिट शॉप में हुई चोरी का अभी तक खुलासा न होने पर रोष व्यक्त किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में अवगत कराया गया कि 14 मार्च को कंपोजिट शॉप में हुई चोरी की रिपोर्ट धामपुर कोतवाली में दर्ज करा दी गई है। घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया है और न ही दोषियों को गिरफ्तार किया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि घटना का शीघ्र खुलासा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक में अनुज्ञापी राहुल भारती, गायत्री देवी, बसंत कुमार, राजीव चौहान, विश्वास चौधरी, मिश्री सिंह, विजेंद्र सिंह, नितिन कुमार आदि उपस्थित रहे।



## आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** ईद उल फितर का त्यौहार यहां धार्मिक रीति रिवाज, श्रद्धा, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह में ईद की नमाज शहर इमाम मुफ्ती कलीम अहमद ने अदा कराई, इससे पूर्व उन्होंने ईद उल फितर की महत्ता पर प्रकाश डाला। नमाज के बाद देश-दुनिया में शांति, आपसी भाईचारा कायम रखने के लिए दुआ कराई। जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान सुबह 7:30 बजे ईदगाह पहुंचे, जबकि एसडीएम वेस्ट सीओ तथा थाना इंचार्ज भारी पुलिस बल के साथ ईदगाह पर मौजूद रहे। ईदगाह परिसर में ईदगाह कमेटी की ओर से लगाए गए कैंप में कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर अहसानुल करीम मास्टर मजहर नामी, डॉ. एम फैजान खान, डॉक्टर एम जुनैद, हाफिज मोहम्मद शाहिद, परवेज रिजवी तथा सलीम रशीद आदि मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद में कैंप में चेयरमैन अब्दुल मन्नान उनके छोटे भाई मोहम्मद फैजान, मोहम्मद शदान तथा अनेक सभासद लोगों को ईद की मुबारकबाद दे रहे थे। समाजवादी पार्टी के कैंप में वरिष्ठ सपा नेता पुरुषोत्तम कुमार, रफीक कुरैशी, इकरार नेता, मोहम्मद लाल आदि मौजूद रहे। आजाद समाज पार्टी के युवा नेता एडवोकेट अशरफ जमील के कैंप में नमाजियों पर फूल बरसाए गए। एडवोकेट अशरफ जमील, सरफराज मलिक, फहद खान, नवीन कुमार, साहिल मेहरा सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने गले मिलकर लोगों की ईद की मुबारकबाद दी। युवा आसपा नेता मुदस्सिर जमा के कैंप में नगर अध्यक्ष फ़ैलसुफ़ जमा खान एडवोकेट, मोहम्मद उज्जैर, जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र कुमार व मुदस्सिर जमा खान ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर अनेक हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों के यहां जाकर ईद की मुबारकबाद दी और हिंदू-मुस्लिम एकता को मजबूत किया।



# खूनी संघर्ष में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

नांगल सोती ( चिंगारी )। विगत बृहस्पतिवार की शाम ग्राम शहजादपुर में सगे भाइयों के परिवारों में हुए खूनी संघर्ष में बेहद गंभीर रूप से घायल हुए युवक की बीती गत एम्स, ऋषिकेश में मृत्यु हो गई।

ज्ञातव्य है कि थाने से कुछ ही दूरी पर रहने वाले सगे भाइयों महेन्द्र व पप्पू के परिवारों में खादर क्षेत्र में खेत की मेंढ़ काटने को लेकर विगत बृहस्पतिवार को विवाद हो गया था। संघर्ष में उनके छोटे भाई जयपाल का परिवार भी महेन्द्र की ओर से कूद पड़ा था। यूं तो इस संघर्ष में कई व्यक्ति घायल हो गये थे, मगर मोनू पुत्र पप्पू के सिर पर लाठियां लगने से वह बेहद गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे देहरादून के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां तीन दिनों से वह जीवन-मृत्यु के बीच झूल रहा था। हालत में कोई सुधार न होने पर परिजन गत रात्रि उसे एम्स, ऋषिकेश में लेकर गये थे। जहां रात्रि लगभग 11 बजे मृत्यु हो गई। युवक के शव का ऋषिकेश में ही पोस्टमार्टम कराया गया। इस प्रकरण में मृतक के भाई सोनू ने अपने ताऊ महेन्द्र, चाचा जयपाल, तयेरे भाइयों कोमल व यशपाल उर्फ टिंकू तथा चचेरे भाई लाल सिंह के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस दो आरोपियों जयपाल तथा कोमल ( चाचा-भतीजा ) को घटना में प्रयुक्त डंडों के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय के आदेश पर जेल भेज चुकी है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि जानलेवा हमले के मुकदमे को युवक की मृत्यु के बाद हत्या में तरमीम कर दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।


मृतक मोनू का फाइल फोटो

# सुमित चौधरी बने भाकियू के तहसील उपाध्यक्ष

नूरपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के चांदपुर तहसील अध्यक्ष नितिन राणा ने कस्बे के मोहल्ला चौधरियान निवासी सुमित चौधरी पुत्र धीरेन्द्र चौधरी को तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोयन पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अपने मनोयन पर सुमित चौधरी ने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसको वह कभी टूटने नहीं देंगे। वह हमेशा संगठन के हित में कार्य करेंगे। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, महासचिव समरपाल यादव, ग्राम पंचायत पीपला जागीर के प्रधान शाह आलम मलिक, नूरपुर नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, युवा मंडल उपाध्यक्ष डॉ. इशरत अली वारसी, नासिर मलिक, रियाजुद्दीन मंटू व ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मद शमशेर व ब्लॉक मीडिया प्रभारी डॉ. शमीम राही ने सुमित चौधरी को बधाई दी।



# चंपत राय बंसल के बड़े भाई का निधन

नगीना ( चिंगारी )। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव एवं विहिप के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपतराय बंसल के बड़े भाई लाजपतराय बंसल का इलाज के दौरान रविवार को निधन हो गया। वह करीब 82 वर्ष के थे। मृतक लाजपत राय बंसल के छोटे भाई संजय बंसल ने बताया कि उनका निधन दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ है। नगीना के मोहल्ला मोहल्ला सराय मीर निवासी लाजपत राय सिंचाई विभाग से मुख्य अभियंता के पद से सेवानिवृत्त होकर पिछले करीब दशक से मोदीनगर में रह रहे थे। उनके दो बेटियां जो विदेश में रहती है और एक बेटा बंगलौर में रहता है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार ( आज ) सुबह कनखल, हरिद्वार में सम्पन्न हुआ। उनके निधन पर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, विहिप जिला उपाध्यक्ष शीतल अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, भाजपा नेता अरविंद गहलोत, प्रमोद चौहान, अजीत अग्रवाल, मोहित गोयल, सौरभ मित्तल, शलभ गोयल, पंडित सचिन शर्मा, अब्दुल कय्यूम राईन, डॉ. भूपेश चौहान, विकास गुप्ता विक्की आदि ने शोक व्यक्त किया।


लाजपत राय बंसल का फाइल फोटो

# अपने भीतर निस्वार्थ प्रेम को प्रज्वलित करो - बाबा फुलसंदा वाले




नहटौर ( चिंगारी )। सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालो ने कहा कि संसार में एक यात्री की तरह रहकर परमेश्वर और मनुष्यों की प्रसन्नता के लिए कार्य करो। पहले खुद पर विश्वास करो कि तुम पर्वत पर चढ़ सकते हो, महासागर को लांघने की ताकत रखते हो, तब परमेश्वर के साम्राज्य की तरफ को चलने की तैयारी करो और विश्वास रखो कि अनन्त बाधाओं के बावजूद भी तुम परमब्रह्म सत्ता के निकट पहुंच ही जाओगे। उन्होंने कहा कि अच्छा सेवक ही अच्छा स्वामी हो सकता है। रविवार को फुलसंदा स्थित आश्रम में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फुलसंदे वालों ने कहा कि हर कोई हुकम चलाना चाहता है, हुकम मानना नहीं चाहते। दूसरों की दुष्टता पर खेद न करो, नहीं तो तुम आगे नहीं बढ़ सकते हो। जो हमारी प्रगति में बाधा है, पतन की ओर ले जाता है, वही अधर्म है और जो आत्मा को गिरावे वही अधर्म है, संसार में लोग भले ही चरित्रहीन हों किन्तु वे चरित्रवान को ही चाहते हैं और उसी का विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि तुम अपने भीतर निस्वार्थ प्रेम को प्रज्वलित करो। संसार दु:खों की अग्नि में जल रहा है और तुम्हें नींद आ रही है, उठो, इनके लिए प्रार्थना करो उन्हें बचाने का प्रयास करो। उस सैनिक की तरह बनो जो जंग के मैदान में पड़ा अन्तिम सांस लेता था, उसने पानी मांगा किसी ने पानी दे दिया पास में पड़ा मरने वाला सिपाही भी पानी को देख रहा था, बोला-पानी दे दो....! पहले सिपाही ने अपने जल का पात्र उस मरने वाले के होठों से लगा दिया और खुद प्यासा तथा दूसरों की प्यास बुझा कर परलोक को सिधार गया।

# फरार चल रहे हत्या के आरोपी के घर नोटिस चस्पा किया

स्योहारा ( चिंगारी )। शुगर मिल में गन्ने का ट्रक लेकर आये ड्राइवर की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। 19 फरवरी की शाम मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी सलमान पुत्र नसरूल्ला गन्ने के ट्रक को लेकर शुगर मिल गया था। शुगर मिल में जब वह टोकन लेने गया तो उसका झगड़ा ट्रक चालक अजीम से हो गया। झगड़ा इतना भयानक हो गया कि आरोपी ने सलमान के सीने में चाकू घोंप दिया और फरार हो गया, जिसमें सलमान की मृत्यु हो गई थी। मृतक सलमान के भाई शाह आलम की तहरीर पर अजीम पुत्र यासीन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें लगीं थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। न्यायालय द्वारा 7 मार्च को आरोपी के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किए थे। इसके बाद भी वह न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हुआ। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर अजीम के घर रविवार को नोटिस चस्पां किया। इसके बाद भी वह नहीं आया तो उसके घर की कुर्की की जाएगी।



# चार दिवसीय स्काउट गाइड जांच शिविर का समापन


आरआर पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड शिविर के समापन सत्र पर लिया गया चित्र।

नूरपुर ( चिंगारी )। रविवार को नूरपुर के स्योहारा रोड स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में आयोजित चार दिवसीय स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार जांच शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ हुआ। इसमें स्काउट और गाइड ने टेंट निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा और गांठ बांधने जैसे कौशल प्रदर्शित किए। शिविर में अनुशासन और सेवा भावना की सीख दी गई।

यह शिविर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने टेंट निर्माण, बिना बर्तन के भोजन पकाने और गांठ बांधने का प्रयोगात्मक परीक्षण किया। इसके अलावा छात्रों में अनुशासन, सेवा और राष्ट्र प्रेम भावना को विकसित करना सिखाया गया। शिविर के अंत में प्रतिभागियों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया और उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कैलाश चंद जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश बिजनौर ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर के समापन के अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने डॉ. निर्मला शर्मा जिला आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश बिजनौर व सत्यपाल सिंह जी का कार्यक्रम में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बृजेश सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त भारत स्काउट और गाइड मुरादाबाद, नरवत कौर, गीता रानी, नरेंद्र सिंह मीनू वर्मा, जीवन सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

# लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण व गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण और गैस सिलेंडर की भारी किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाबर क्षेत्र के सिगड्डी चौराहे पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने जनसमस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यदि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी के कार्यकाल में तैयार किए गए प्रस्तावों पर समय रहते कार्य होता, तो आज लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर एलीवेटेड रोड का निर्माण हो चुका होता। कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति भी दिलवा दी थी और कार्य भी प्रारंभ करवा दिया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद भाजपा सरकार द्वारा इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया, जिसके कारण आज भी यह परियोजना अधर में लटकी हुई है। आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की उदासीनता और सही पैरवी के अभाव में जनता की यह प्रमुख मांग अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इस दौरान रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया।



कोटद्वार भाबर के सिगड्डी चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन।

वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में आने के बावजूद उपभोक्ताओं को 45 दिनों तक गैस सिलेंडर के लिए इंतजार करना पड़ रहा है, जो कि पूरी तरह अनुचित है। इस समस्या से आम जनता, विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार से मांग की गई कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर एलीवेटेड रोड का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था को तुरंत सुचारू किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। चेतावनी दी गई कि ऐसा न होने पर आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

इस अवसर पर सतेंद्र सिंह नेगी, पूर्व पार्षद जगदीश मेहरा, पूर्णचंद शर्मा, हयात सिंह मेहरा, विजय मेहरा, महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, धीरेन्द्र सिंह बिष्ट, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुधा असवाल, पूर्व प्रधान हरीश रावत, पूर्व प्रधान मंगत राम और शूरवीर सिंह खेतवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# वैश्य अग्रवाल महिला सभा ने मनाया गणगौर का त्यौहार

## सुन्दर-सुन्दर गणगौर बनाये गणगौर से जुड़े गीत गाये

**कोटद्वार (चिंगारी)।** वैश्य अग्रवाल महिला सभा की ओर से गणगौर का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आकर्षक गणगौर बनाने पर सभा द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया गया।

स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गणगौर त्यौहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यह पर्व होलिका दहन के अगले दिन से शुरू होकर 16 दिनों तक चलता है, जिसमें माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा की जाती है। सुहागिनें अखंड सौभाग्य और कुंवारी लड़कियां मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार माना जाता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए 16 दिनों तक कठिन तपस्या की थी, जिसके फलस्वरुप उन्हें भगवान शिव प्राप्त हुये। तत्पश्चात सभा से जुड़ी महिलाओं ने गणगौर से जुड़े गानों की सुंदर प्रस्तुतियां दी। वहीं आकर्षक गणगौर बनाने पर रजनी गर्ग को प्रथम,अंशुल अग्रवाल को द्वितीय एवं पूर्वी गर्ग को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम में वैश्य अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुबोध गर्ग, अशोक अग्रवाल, ईश्वर शरण अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, पवन ऐरन, संजय मित्तल, महिला सभा अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, महामंत्री पूर्ति अग्रवाल व कोषाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल सहित सभा से जुड़ी अन्य महिलाएं शामिल रही।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति का गठन

## विकास कुमार आर्य संयोजक बनाये गये

**कोटद्वार (चिंगारी)।** संविधान निर्माता, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों से जुड़े लोगों द्वारा बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती संयुक्त समारोह समिति का गठन किया गया। समिति में विकास कुमार आर्य को संयोजक पद की जिम्मेदारी दी गई।

इस संबंध में सिम्मलचौड़ स्थित कर्मवीर जयानंद भारतीय स्मृति पुस्तकालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती संयुक्त समारोह समिति का गठन करते हुए विकास कुमार आर्य को संयोजक, शिवम भूषण शाह व मनोज शाह को सहसंयोजक, केसीराम निराला को कोषाध्यक्ष, अनुज चौधरी को सह कोषाध्यक्ष और प्रमोद चौधरी व मनवर लाल भारती को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। तय किया गया कि समिति द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर से जुड़े कार्यक्रमों को भव्य तरीके से मनाया जायेगा। बैठक में डॉ. सुरेंद्र लाल आर्य, ब्रिजेंद्र आर्य, जगदीश राठी, सूरवीर खेतवाल, शिव कुमार, भारत भूषण शाह, ओमप्रकाश कोटला, सोहन लाल, विक्रम चंद शाह और अनिल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड स्वाभिमान मोर्चा के नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव का किया जोरदार स्वागत

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव सुधीर राय रावत का मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया गया प्रदेश महासचिव सुधीर राय रावत ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसका पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान मोर्चा समाज के हर वर्ग गरीब, अमीर, पहाड़ी और मैदानी के साथ खड़ा रहेगा जो भी व्यक्ति उत्तराखंडी है और उत्तराखंड से प्रेम करता है, उसके हितों की रक्षा करना मोर्चा की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाते हुए जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा और प्रदेश के विकास एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा इस अवसर पर स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष शीशपाल पोखरियाल, महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र नेगी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व प्रधान शंकर दयाल, प्रधान आशीष रांगड़ बॉबी,जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शुभांकित रावत, राहुल रावत, शैलेंद्र मिश्रा, संजय बुढ़ाकोटी,रविंद्र भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

# सड़क पर डीजे बजाकर रोकने से मना किया, तो युवकों ने पुलिस पर हमला कर दिया

## ✦पुलिस के वाहन के शीशे तोड़ डाले
## ✦एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार के आम पड़ाव क्षेत्र में डीजे बजाने से रोकने को लेकर पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया गया। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात को आम पड़ाव क्षेत्र में पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान क्षेत्र की खुमेरा बस्ती इलाके में कुछ युवक बीच सड़क पर डीजे लगाकर नाच रहे थे। जिस पर बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस टीम के साथ युवकों को सड़क के किनारे डीजे लगाकर कार्यक्रम करने और पुलिस टीम को जाने देने को कहा। इस पर कुछ युवक तो हट गए लेकिन दो सगे भाई आकिब और शाहिद पुलिस टीम की बात मानने को तैयार ही नहीं हुए। इस दौरान शाहिद ने अपने भाई आकिब को पुलिस पर हमला करने के लिए उकसाया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस टीम ने शाहिद को हिरासत में ले लिया, तभी आकिब लोहे का सरिया लेकर आया और पुलिस के वाहन पर ताबड़तोड़ वार कर शीशे तोड़ डाले, वहीं वाहन के अंदर बैठा शाहिद भी पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिसकर्मियों ने बाहर निकलकर आकिब को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार होने में सफल रहा। घटना के बाद उपनिरीक्षक विनोद कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने और मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए शाहिद को गिरफ्तार कर लिया और फरार आरोपी आकिब की तलाश तेज कर दी है।

# महिलाओं के लिए किया धार्मिक यात्रा का आयोजन, ताकि वह कर सकें माता कुंजा रानी के दर्शन




**ऋषिकेश (चिंगारी)।** गढ़ महिला उत्थान समिति द्वारा ग्रामसभा खैरीं खुर्द ठाकुरपुर से सिद्धपीठ मां कुंजापुरी माता के दर्शन हेतु महिलाओं के लिए एक विशेष धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ यात्रा संयोजक जयेंद्र रमोला, समिति की अध्यक्ष कुसुमलता शर्मा, ग्राम प्रधान शकुंतला बिष्ट द्वारा माता का ध्वज लहराकर किया गया। समिति की अध्यक्ष कुसुमलता शर्मा, सचिव कृष्णा जयेन्द्र रमोला ने कहा कि गढ़ महिला उत्थान समिति का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिलाओं के माध्यम से संस्कृति और परंपराओं को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके इसके लिये समिति द्वारा लगातार महिलाओं को समय-समय पर देवी-देवताओं के पवित्र धामों के दर्शन करवाने के लिये निशुल्क यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। ऐसी यात्राओं से महिलाओं में आस्था, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला व ग्राम प्रधान शकुंतला बिष्ट ने कहा कि नवरात्र के इस पावन मौके पर समिति द्वारा महिलाओं को देवी दर्शन की नि:शुल्क यात्रा करवाई जा रही है जो कि सराहनीय है। मौके पर समिति की वरिष्ठ सदस्य उमा ओबेरॉय, ईशा चौहान, पूर्व प्रधान विजयराम पेटवाल, हर्षपति सेमवाल, पूर्व उपप्रधान रोहित नेगी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गजेन्द्र गुसाईं, विजयपाल पंवार, रीना चौहान आदि उपस्थित थे।

# चयनित अग्निवीरों से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नैनीताल ( चिंगारी )।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह हल्द्वानी आगमन पर उस समय गौरवान्वित हुए जब देवभूमि उत्तराखंड से चयनित 112 से अधिक अग्निवीरो ने भारत माता के जय घोष के साथ उनका स्वागत किया। रक्षामंत्री ने मौजूद सभी चयनित अग्निवीरो से कहा, 'भारत मां की रक्षा के लिए आ रहे आप सभी का भारतीय सेना में स्वागत है'। इस अवसर पर साथ में आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतीक स्वरूप चयनित अग्निवीरो को तिलक लगाया और मां भारती की रक्षा के लिए जाने के लिए शुभ कामनाएं दी। ये चयनित अग्निवीर, यूथ फाउंडेशन में अभ्यास करके सेना में जा रहे हैं। इस अवसर पर मौजूद यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष कर्नल अजय कोठियाल ने बताया कि इस बार उनके 752 कैंडिडेट्स में से 710 का चयन अग्निवीर भर्ती में हुआ है। उन्होंने बताया



कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के मोटिवेशन से यूथ फाउंडेशन उत्तराखंड के युवाओं को भर्ती के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण देता है। रिटन और शारीरिक परीक्षाओं का अभ्यास कराता है और अभी तक 15 हजार से अधिक युवाओं को सेना, अर्धसैनिक बल,पुलिस आदि में राष्ट्र सेवा के लिए भेज चुका है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नल कोठियाल के राष्ट्र सेवा के इस कार्य की प्रशंसा की और चयनित अग्निवीरो के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। उल्लेखनीय है कि कर्नल अजय कोठियाल एवरेस्ट विजेता और सेना के विशिष्ट पदकों से सम्मानित हो चुके है और केदारनाथ आपदा के बाद केदारनगरी के पुनर्निर्माण के लिए उनकी सेवाओं को सराहा जाता है।

## मुख्यमंत्री को 'धुरंधर धामी' बताया

**नैनीताल ( चिंगारी )।** कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में धामी सरकार के 4 साल के कार्यकाल पर आयोजित 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे जहाँ उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए धामी सरकार द्वारा पिछले 4 सालों में उत्तराखंड में किए गए विकास कार्यों को जनता के समक्ष रखा। राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 'धाकड़ धामी' के साथ-साथ 'धुरंधर धामी' भी नाम दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के समय कई घोटाले हुए लेकिन भाजपा सरकार में घोटाला करने वालों की जगह जेल में है। इसके अलावा चार धाम पर्यटन, मानसखंड कॉरिडोर, एम्स सैटलाइट सेंटर, जमरानी बांध जैसे हजारों करोड़ की योजनाओं का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार दो तिहाई सीटों से प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

## 4 अप्रैल को धूमधाम से निकलेगी दमड़ी शोभायात्रा

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** गुरु रविदास के 649वें प्रकाश पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। दमड़ी शोभायात्रा का ज्वालापुर आर्य नगर, रानीपुर मोड़, देवपुरा, बस स्टैंड, शिव मूर्ति जैसे स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। 4 अप्रैल को भगवान रविदास गेट जटवाड़ा पुल ज्वालापुर से निर्मला छावनी स्थित भगवान रविदास आश्रम से हरकी पैड़ी तक भव्य दमड़ी शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भारी संख्या में जालंधर से भी श्रद्धालु दो विशेष ट्रेनों से हरिद्वार पहुंचेंगे। वहीं आसपास के लोगों का भी जमावड़ा देखने को मिलेगा। इस दौरान गुरु



रविदास साधु सम्प्रदाय सोसायटी पंजाब के अध्यक्ष संत निर्मल दास के संत गुरु रविदास के संदेशों का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

आश्रम के प्रबंधक गुरु रविदास संप्रदाय समिति पंजाब के अध्यक्ष संत निर्मल दास जी महाराज ने बताया कि पंजाब के जालंधर रेलवे स्टेशन से दो विशेष ट्रेनों से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचेंगे, जिनके स्वागत और ठहरने की व्यवस्था आश्रम की ओर से की जा रही है। 5 अप्रैल को भगवान रविदास आश्रम में श्री अखंड साहिब पाठ का आयोजन किया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं के लिए कथा कीर्तन और विशाल लंगर की व्यवस्था भी की जाएगी। इन व्यवस्थाओं को संभालने की जिम्मेदारी देशराज कर्ण वाल, रामवीर कटारिया एडवोकेट, सुशील कुमार, सोनू राठी, मेहरचंद, दलजीत खान, लवदीप टिंकू, दिवेश गुप्ता, मनीष शर्मा, पंकज सिंह, सतीश कुमार आदि को सौंपी गई है।

## निरंकुश हो चुकी भाजपा सरकार कांग्रेस ही कर सकती प्रदेश का उद्धार

### प्रेस कांफ्रेंस में बोले गणेश गोदियाल



**श्रीनगर ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर भ्रमण के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने श्रीनगर में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है तथा प्रदेश की जनता चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपना आशीर्वाद देकर बदलाव करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार अपनी जड़ें गहराई तक जमा चुका है और भाजपा सरकार तानाशाह और निरंकुश हो चुकी है तथा जनता की अपेक्षाओं पर धराशायी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सत्ता का यह बदलाव वर्तमान और भविष्य के लिए आवश्यक है। सत्ता में बैठे लोगों में तानाशाही आ चुकी है। उन्होंने कहा कि सत्ता की निरंकुशता को खत्म करने के लिए बदलाव आवश्यक है। उन्होंने एकबार फिर से दोहराया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर राज्य की स्थायी राजधानी गैरसैण बनाई जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बागेश्वर, अल्मोड़ा, टिहरी, चमोली तथा पौडी जैसे जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में विकास की एकमात्र उम्मीद गैरसैण राजधानी बनने के बाद ही दिखाई देगी।

राज्य में हुए मंत्रिमंडल के विस्तार पर बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सिरफुटौब्बल को देखते हुए धामी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार भाजपा की अंदरूनी कलह को दबाने के लिए किया गया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ विधायकों को सम्मान देने की बजाय कांग्रेस से दल बदल कर गये विधायकों को अधिक तवज्जो दी है।

## मंत्रिमंडल के विस्तार से कार्यकर्ताओं मे उत्साह, कांग्रेस की प्रतिक्रिया नकारात्मक : चौहान

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि धामी सरकार के मंत्रिमंडल मे विस्तार से कार्यकर्ताओं मे उत्साह है और कांग्रेस की प्रतिक्रिया इसमें नकारात्मक और हताशा से भरी हुई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल और उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना द्वारा धामी मंत्रिमंडल विस्तार पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर विकास, सुशासन और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आधारित पार्टी मे लोग पद की लालसा से कार्य नही करते हैं और विकास कार्यों को और अधिक गति देने के लिए किये गए यह जायज निर्णय है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कांग्रेस मे मंत्री अथवा दायित्व स्टेटस सिंबल बन जाता है, लेकिन भाजपा का मिशन सेवा है और इसी ध्येय के साथ हर कार्यकर्ता को दायित्व सौंपा जाता है। कांग्रेस कार्यकाल मे यही मंत्री अथवा दायित्वधारी भ्रष्टाचार को सरंक्षण देने मे मशगूल रहे और राज्य अस्थिरता और नेतृत्व संकट से जूझता दिखा। आज जब प्रदेश में सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पर्यटन और निवेश के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं, तब कांग्रेस के नेता बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## देहरादून से शिफ्ट नहीं होगा सर्वे ऑफ इंडिया का मुख्यालय

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्वे ऑफ इंडिया के मुख्यालय को देहरादून से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर अपनी चिंता व्यक्त की थी, जिसके बाद इस संबंध में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस विषय पर अभी तक कोई स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। इस सम्बन्ध में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में स्पष्ट किया कि सर्वे ऑफ इंडिया के मुख्यालय को देहरादून से अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने संबंधी किसी भी प्रस्ताव को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अब तक मंजूरी नहीं दी गई है। केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए इस विषय व सर्वे ऑफ इंडिया के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं सामरिक महत्व के प्रति व्यक्त चिंताओं की




भी सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों व देनदारियों के निस्तारण हेतु समय-सीमा बढ़ाने के संबंध में अनुरोध किया था, जिस पर वित्त मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से सकारात्मक निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने पीएमजीएसवाई-I के अंतर्गत शेष देनदारियों के भुगतान व पीएमजीएसवाई-II और पीएमजीएसवाई-III के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के लिए समय-सीमा को बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे राज्य में सड़क संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ करने में तेजी आएगी और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# चांदपुर के शनीर बासी ने फैशन जगत में तहलका मचाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के प्रसिद्ध व्यवसायी राजेश बासी के सुपुत्र शनीर बासी ने फैशन जगत में एक नया मुकाम हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। शनीर बासी उत्तर प्रदेश के पहले ऐसे युवा डिज़ाइनर बने हैं, जिन्होंने इस स्तर तक पहुंचकर प्रदेश और नगर का गौरव बढ़ाया है।हाल ही में आयोजित जयपुर टाइम्स फैशन वीक में डिज़ाइनर शनीर बासी ने एक शानदार और मंत्रमुग्ध कर देने वाला फैशन शो प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने अपनी बेहतरीन पेस्टल कुट्यौर कलेक्शन से रैंप पर दर्शकों का दिल जीत लिया।उनकी कलेक्शन में नरम और सुकून भरे रंगों को बेहतरीन कारीगरी के साथ प्रस्तुत किया गया। इस कलेक्शन की खासियत बहती हुई सिल्हूट्स, बारीक हैंडवर्क और बेहद नाजुक डिटेलिंग रही, जिसने दर्शकों को शाश्वत लग्ज़री का एहसास कराया।




## आवश्यकता है

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं।
योग्य व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8191819148


## ठगे गये कानों के कुंडल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने थाने में दर्ज मुकदमे के आधार पर धोखाधड़ी करते हुए कानों के कुंडल व 211 रूपए की नकदी के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों के नाम रियाज अहमद उर्फ भूरा पुत्र फय्याज अहमद निवासी नईबस्ती कलियर व ताहिर पुत्र कुतुब खां निवासी मौहल्ला त्यागी कलियर बताये है। पुलिस ने दोनों को ठगे गये एक जोड़ी कान के कुण्डल सहित गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

## एसडीओ से की बिजली समस्याओं के समाधान की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चैधरी एड. ने जनहित के मुद्दों व क्षेत्र की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए बिजली विभाग के एसडीओ शंभू नाथ से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने एसडीओ को उपभोक्ताओं के सामने आ रही विभिन्न तकनीकी व व्यवहारिक दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया। एसडीओ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना व उनके प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। शैलेंद्र चैधरी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य हर नागरिक की समस्या का समाधान सुनिश्चित करना है ताकि बिजली विभाग की योजनाओं का लाभ  आम लोगों को मिले।

## चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने मरीजों को फल बांटे, हाल जाना

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने नवरात्र व्रतों के दौरान कुट्टू के आटे के सेवन से फूड प्वाइजनिंग होंने से बीमार हुए लोगों का नगर के पूजा हॉस्पिटल पहुंचकर हाल जाना। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को फलाहार वितरित किया। चेयरमैन ने हॉस्पिटल के एमडी डॉ. संदीप अग्रवाल से मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में बातचीत की। डॉ. संदीप ने बताया कि हॉस्पिटल में फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए लगभग 22 लोग आए थे, कुछ को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, बाकी कुछ का उपचार चल रहा है। उनको भी जल्दी छुट्टी दे दी जाएगी। चेयरमैन के इस कार्य की हॉस्पिटल के डॉक्टर्स व स्टाफ ने प्रशंसा की। इस मौके पर मोहम्मद अजमल, सुभाष कुमार आदि मौजूद रहे।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन







ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
*नियम व शर्तें लागू
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312

किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"





योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput, Pranab Rajput, Roopali, Vanshika Singh, Avantika Rana, Avantika Malik
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928